



दैनिक सीहोर जिले का प्रथम दैनिक K ✌ K

RNI No.MPHIN/2003/10309

# क्षितिज किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे | सीहोर जिले, होशंगाबाद संभाग एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा | वर्ष-22 अंक-71 | सीहोर, गुरूवार 01 मई 2025 | पृष्ठ-8 | मूल्य -1 रूपये | सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना


### मुख्यमंत्री ने उमरबन में सामूहिक विवाह सम्मेलन में 2123 नव विवाहित जोड़ों को दिया आशीर्वाद

# कपास उत्पादक किसानों को मिलेगा पीएम मित्र पार्क से लाभ, 3 लाख रोजगार होंगे सृजित : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### मुख्यमंत्री जनकल्याण ( संबल ) योजना में 27 हजार से अधिक हितग्राहियों को 600 करोड़ रुपए किए अंतरित

### 85 लाख से अधिक किसानों को मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना की प्रथम किश्त की 1704.94 करोड़ राशि ट्रांसफर





भोपाल (ए.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्य सरकार ने गरीब, युवा, अन्नदाता (किसान), और नारी सशक्तिकरण के लिए 4 मिशन लॉन्च किए हैं। हितग्राहियों को कई जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सीधा लाभ दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सबका साथ, सबका विकास के मूल मंत्र से राज्य सरकार प्रदेश को समृद्ध और सशक्त बनाने के लिए संकल्पित है। युवाओं को रोजगार, लाड़ली बहनों को आर्थिक सहायता, गरीब जरूरतमंदों के नि:शुल्क उपचार की व्यवस्था है। जनजातीय क्षेत्रों सहित प्रदेश के किसानों की आय बढ़ाने के लिए राज्य सरकार ने विभिन्न सिंचाई परियोजनाओं का जाल बिछाया है। हमारा लक्ष्य प्रत्येक खेत तक पानी पहुंचाकर प्रदेश के सिंचित रकबे को 55 लाख हेक्टेयर से बढ़ाकर 1 लाख हेक्टेयर करना है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने इसके लिए केन-बेतवा लिंक और पार्वती-चंबल-कालीसिंध लिंक परियोजनाओं की शुरुआत की है। उन्होंने कहा कि धार को पीएम मित्र पार्क की सौगात केन्द्र से मिली है। यहां 2100 करोड़ से औद्योगिक पार्क आकार लेगा और लगभग 3 लाख रोजगार सृजित होंगे। धार अंचल के किसान कपास की खेती करेंगे तो उन्हें भी अधिक लाभ होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को धार के उमरबन में आयोजित सामूहिक विवाह एवं हितलाभ वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में राज्यसभा सदस्य सुमेर सिंह सोलंकी, विधायक हीरालाल अलावा, विधायक कालू सिंह ठाकुर ,श्रीमती रंजना बघेल, चंचल पाटीदार, सरदार सिंह सहित बड़ी संख्या में हितग्राही उपस्थित थे।

**उमरबन में परिणय सूत्र में बंधे 2123 जोड़े**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उमरबन में आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह सम्मेलन में परिणय सूत्र में बंधे 2123 नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा कि आज उमरबन की धरती से प्रदेश को कई सौगातें मिली हैं। कन्या विवाह योजना में बेटियों को प्रावधान के अनुसार 49 हजार का लाभ दिया जा रहा है। इसके साथ ही सामूहिक विवाह सम्मेलन में कल्याणी विवाह और अन्तर्जातीय विवाह करने पर राज्य सरकार की ओर से 2-2 लाख रुपए की सहायता दी जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विवाह में गैर-जरूरी खर्च से बचा जाए और यह राशि परिवार और बच्चों की पढ़ाई जैसे जरूरी कार्यों पर खर्च किया जाये। उन्होंने कहा कि प्रदेश की बहनों का भाई गरीब से गरीब की बेटी का विवाह कराएगा।

**27 हजार से अधिक संबल हितग्राहियों को 600 करोड़ रूपए अंतरित**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल) योजना में प्रदेश के 27 हजार से अधिक संबल हितग्राहियों को 600 करोड़ रुपए की राशि सिंगल क्लिक से अंतरित की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार संबल योजना से जुड़ने वाले सभी परिवारों को मुश्किल समय में सहायता प्रदान करती है। पात्र हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड योजना का भी लाभ मिल रहा है। हितग्राहियों का 5 लाख रुपए तक का इलाज फ्री है। हमारी सरकार ने सभी आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए नि:शुल्क एयर एंबुलेंस की व्यवस्था की है। गरीब से गरीब व्यक्ति के जीवन में संकट या कोई कष्ट आएगा तो सरकार हर संभव सहायता करेगी। लाड़ली बहनों के खातों में भी हर महीने 1250 रुपए आते रहेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 1870 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली धार माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना एवं धार जिले के लिए 277 करोड़ के लागत से विकास कार्यों का भूमि-पूजन एवं लोकार्पण किया। उन्होंने प्रदेश के 85 लाख से अधिक किसानों को मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना वर्ष 2025-26 की प्रथम किश्त के रूप में 1704.94 करोड़ रुपए की राशि हितग्राहियों के बैंक खातों में सीधे अंतरित की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में नदी जोड़ो परियोजनाओं के कार्य प्रदेश में समृद्धि लाएंगे।

## चारधाम यात्रा शुरू, गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के खुले कपाट

### यात्रा मार्ग के लिए अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती

नई दिल्ली (ए)। देश भर में 30 अप्रैल को अक्षय तृतीया का त्यौहार धूमधाम से मनाया जा रहा है। अक्षय तृतीया के शुभ मौके पर चारधाम यात्रा शुरू हो गई है। अब आगामी छह माह तक चार धाम के दर्शन आम जनता के लिए खुले रहने वाले है। इस दौरान श्रद्धालु यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ और बद्रीनाथ के दर्शन कर सकते है।



बता दें कि चारधाम की यात्रा दुनिया की पवित्र यात्राओं में शुमार है। चार धाम यात्रा के सभी पवित्र स्थलों में सबसे शीर्ष पर है। ये यात्रा अलग अलग देवी देवताओं को समर्पित है। केदारनाथ धाम कुल 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक है। केदारनाथ धाम भगवान शिव को समर्पित है। बद्रीनाथ धाम में भगवान विष्णु का वास है। गंगोत्री धाम मां गंगा और यमुनोत्री धाम यमुना मैया को समर्पित है।

**केदारनाथ धाम के कपाट 2 मई तो बद्रीनाथ धाम के 4 मई को खुलेंगे**

अक्षय तृतीया के साथ ही चारधाम की पवित्र यात्रा की शुरुआत होती है। गंगोत्री धाम के कपाट सुबह 10.30 खुले है। वहीं यमुनोत्री धाम के कपाट 11.50 मिनट पर खुले है। वहीं केदारनाथ धाम जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए कपाट दो मई सुबह सात बजे और बद्रीनाथ धाम के कपाट चार मई को खुलने है।

**यात्रा रूट 136 पार्किंग और 56 होल्डिंग एरिया बनाए**

चारधाम यात्रा के लिए सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद है। चारधाम यात्रा मार्ग के लिए अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती हुई है। हाल ही में हुए पहलगाम हमले के बाद सुरक्षा व्यवस्था अधिक कड़ी और सख्त है। चारधाम की यात्रा के रुट पर 2 सुपर जोन, 7 जोन और 26 सेक्टर बांटे गए है। कुल 850 कर्मी पीएसी, एसडीआरएफ, फायर ब्रिगेड टीम के भी तैनात हुए है। चार धाम यात्रा को लेकर भीड़ प्रबंधन के साथ ही उत्तराखंड सरकार की ओर से ट्रैफिक कंट्रोल का भी फूलप्रूफ प्लान तैयार है। भीड़ बढ़ने पर देहरादून, ऋषिकेश, हरिद्वार, विकास नगर, हरबर्टपुर जैसे बड़े शहरों को ट्रैफिक के जाम से बचाने के लिए वैकल्पिक ट्रैफिक प्लान तैयार हुआ है।

## राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड का नए सिरे से गठन, पूर्व रॉ चीफ बने चेयरमैन

नई दिल्ली (आरएनएस)। केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड का नए सिरे से गठन किया है। पूर्व रॉ चीफ आलोक जोशी को इसका चेयरमैन बनाया गया है। पूर्व पश्चिमी वायु सेना कमांडर एयर मार्शल पीएम सिन्हा, पूर्व दक्षिणी सेना कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल एके सिंह और रियर एडमिरल मोंटी खन्ना सैन्य सेवाओं से सेवानिवृत्त अधिकारियों को इस बोर्ड में शामिल किया गया है।



राजीव रंजन वर्मा और मनमोहन सिंह भारतीय पुलिस सेवा से सेवानिवृत्त दो सदस्य है। बी वेंकटेश वर्मा सात सदस्यीय बोर्ड में सेवानिवृत्त आईएफएस हैं। जोशी ने 2012 से 2014 तक रॉ के प्रमुख के रूप में काम किया था। खुफिया क्षेत्र में उनकी विशेषज्ञता को खूब सराहा जाता है। उनकी अगुवाई में बोर्ड का मुख्य काम सरकार को सलाह देना है।। इसके साथ यह बोर्ड आतंकवाद, साइबर सुरक्षा और सीमा सुरक्षा जैसे मुद्दों पर अपनी राय दे सकता है।

## चंदनोत्सवम के दौरान मंदिर की दीवार ढही, 8 की मौत कई घायल



हैदराबाद (आरएनएस)।। आंध्र प्रदेश के प्रसिद्ध श्री वराह लक्ष्मी नरसिंह स्वामी मंदिर में बुधवार तड़के चंदनोत्सवम के दौरान एक दर्दनाक हादसे में कम से कम आठ श्रद्धालुओं की मौत हो गई। घटना तड़के करीब 2:30 बजे घटी। भारी बारिश के कारण एक दीवार कतार मार्ग के पास स्थित एक शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के पास अचानक ढह गई। बताया जा रहा है कि दीवार नई बनी थी और बारिश के चलते मिट्टी ढीली हो जाने से यह हादसा हुआ। इस दुखद दुर्घटना में चार गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा उस वक्त हुआ जब 'चंदनोत्सवम्के अवसर पर 'निजरूप दर्शन'के लिए श्रद्धालु कतार में खड़े थे। बता दें कि इस मंदिर को सिंहाचलम मंदिर के नाम से भी जाना जाता है।

तीन महिलाओं की मौत की पुष्टि हुई है और शवों को किंग जॉर्ज अस्पताल, विशाखापत्तनम भेज दिया गया है। घायलों का इलाज भी वहीं चल रहा है। राज्य की गृह मंत्री वंगलापुडी अनीता ने मौके पर पहुंचकर घटना का जायजा लिया और बताया कि यह दुर्घटना भारी बारिश और श्रद्धालुओं के दबाव के कारण हुई। उन्होंने कहा, श्रद्धालु 300 रुपये के विशेष दर्शन टिकट के साथ कतार में खड़े थे।

## कोलकाता के होटल में लगी भीषण आग, 14 की मौत, कई झुलसे



कोलकाता(ए)। बड़ा बाजार स्थित एक होटल में लगी भीषण आग की चपेट में आने से 14 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई लोगों को रेस्क्यू कर लिया गया। मंगलवार को देर रात कोलकाता के बड़ा बाजार के मछुआ फल मंडी स्थित ऋतुराज होटल में अचानक आग लगी थी। देखते ही देखते आग ने पूरे होटल को अपनी चपेट में ले लिया। होटल में मौजूद कुछ लोग अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। धुएं की वजह से कई लोग होटल के अंदर ही फंस गए। जिससे 14 लोगों की जान चली गई। हालांकि फायर ब्रिगेड की टीम दीवार तोड़कर अंदर घुसी और घायलों को बाहर निकाला।

## पाकिस्तान ने इंटरनेशनल बॉर्डर पर चौकियां खाली की

### पाकिस्तानी झंडे हटाए

नई दिल्ली (ए)। पहलगाम हमले के 8 दिन बाद बुधवार को पाकिस्तानी सेना ने इंटरनेशनल बॉर्डर पर कई पोस्ट खाली कर दी हैं। पाकिस्तानी सेना ने इन पोस्ट से झंडे भी हटा लिए हैं। कठुआ के पर्गवाल इलाके में ये पेस्ट खाली की गई हैं।पाकिस्तानी सेना एलओसी पर लगातार सीजफायर वॉयलेशन कर रही है। पाकिस्तानी सेना ने बुधवार को पहली बार इंटरनेशनल बॉर्डर पर भी सीजफायर तोड़ा। जिसका भारतीय सेना ने तुरंत जवाब दिया। इस बीच, केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड का नए सिरे से गठन किया है। पूर्व रॉ चीफ आलोक जोशी को इसका चेयरमैन बनाया गया है।भारत ने पहलगाम हमले को 26/11 के बाद का सबसे बड़ा आतंकी हमला बताया

संयुक्त राष्ट्र में भारत ने पहलगाम हमले को 26/11 के बाद का सबसे बड़ा आतंकी हमला बताया। भारत की डिप्टी परमानेंट रिप्रेजेंटेटिव योजना पटेल ने कहा, पहलगाम का आतंकी हमला नागरिकों पर सबसे बड़ा हमला है। भारत दशकों से सीमा पार आतंकवाद का शिकार रहा है और हमें इसके पीड़ितों की पीड़ा का गहरा एहसास है। 22 भारतीय दूतावास कर्मचारी देश लौटेभारतीय राजनयिकों ने पाकिस्तान छोड़ दिया है। अटारी-वाघा बॉर्डर से बुधवार को 22 दूतावास कर्मचारी भारत लौट आए हैं।सरकार ने सिक्योरिटी एडवाइजरी बोर्ड का पुनर्गठन कियाकेंद्र सरकार ने मंगलवार को राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड का नए सिरे से गठन किया। पूर्व रॉ चीफ आलोक जोशी को इसका चेयरमैन बनाया गया। पूर्व वेस्टर्न एयर कमांडर एयर मार्शल पीएम सिन्हा , दक्षिणी आर्मी कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल एके सिंह और रियर एडमिरल मोंटी खन्ना इस समिति के सदस्य हैं।






## अजमेर में युवक से 11 लाख की ऑनलाइन ठगी, इन्वेस्टमेंट का झांसा देकर व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ा

अजमेर ,(आरएनएस)। अजमेर में ऑनलाइन ठगी के मामलों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। ताजा मामला सुभाष नगर रोड का है, जहां एक युवक से इन्वेस्टमेंट के नाम पर 11 लाख रुपए की ठगी कर ली गई। पीड़ित ने साइबर थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई है, जिसके बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।साइबर थाना पुलिस के अनुसार, सुभाष नगर रोड निवासी कपिल देव माथुर ने शिकायत दी है कि उसे किसी अज्ञात व्यक्ति ने निवेश के बहाने व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ा। ग्रुप में शामिल अन्य लोगों ने निवेश पर मोटा मुनाफा मिलने का दावा किया। झांसे में आकर कपिल ने अलग-अलग किश्तों में करीब 11 लाख रुपए ट्रांसफर कर दिए। जब मुनाफा नहीं मिला और संपर्क टूट गया, तो उसे ठगी का अहसास हुआ।पीड़ित ने पहले 1930 हेल्पलाइन नंबर पर शिकायत की, जिसे बाद में रामगंज थाने स्थानांतरित किया गया। हालांकि, वहां मुकदमा दर्ज नहीं हो सका। अंतत: कपिल ने साइबर थाने में शिकायत दी, जहां अब एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

## पाकिस्तानी अथॉरिटी की शरारत, 2 घंटे तक नहीं खोला इमीग्रेशन गेट; अटारी बॉर्डर पर लगी वाहनों की लंबी कतारें



अमृतसर, (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए भीषण आतंकवादी हमले के बाद भारत सरकार द्वारा की गई सख्त कार्रवाई का असर अब भारत-पाकिस्तान की अटारी सीमा पर दिखाई दे रहा है। भारत द्वारा वीजा रद्द किए जाने के बाद पाकिस्तान लौट रहे पाकिस्तानी नागरिकों को आज अटारी सीमा पर पाकिस्तानी अथॉरिटीज की 'शरारत' के कारण परेशानी का सामना करना पड़ा। पाकिस्तानी इमीग्रेशन गेट देर से खोले जाने के कारण भारतीय सीमा में वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। दरअसल, पहलगाम आतंकी हमले में 26 भारतीयों की मौत के बाद भारत सरकार ने कड़ा रुख अख्तियार करते हुए बड़ी संख्या में पाकिस्तानी नागरिकों के वीजा रद्द कर दिए थे। इन सभी पाकिस्तानी नागरिकों को 29 अप्रैल तक भारत छोड़कर अपने वतन लौट जाने का निर्देश दिया गया था। इसी क्रम में ये नागरिक अटारी-वाघा सीमा के रास्ते पाकिस्तान लौट रहे थे।

लेकिन आज अटारी सीमा पर उस समय अप्रत्याशित स्थिति बन गई, जब पाकिस्तान की ओर से इमीग्रेशन गेट समय पर नहीं खोले गए। जानकारी के मुताबिक, पाकिस्तानी अथॉरिटीज ने गेट खोलने में जानबूझकर देरी की और करीब 2 घंटे की देरी से, दोपहर 12 बजे के आसपास ही गेट खोले गए।

इस देरी के कारण भारतीय सीमा के अंदर, अटारी चेकपोस्ट की ओर पाकिस्तान जाने वाले वाहनों और यात्रियों की लंबी कतारें लग गईं। जम्मू-कश्मीर पुलिस जिन पाकिस्तानी नागरिकों को लेकर आई थी, उनकी बस भी भारतीय बैरिकेड के अंदर तो आ गई, लेकिन पाकिस्तानी गेट बंद होने के कारण आगे नहीं बढ़ सकी। भीषण गर्मी और धूप में लोगों को घंटों तक इंतजार करना पड़ा। भारतीय अधिकारियों ने इस देरी को पाकिस्तानी अथॉरिटीज की ओर से एक तरह की जानबूझकर की गई कार्रवाई माना है, जिसका उद्देश्य वीजा रद्द होने के बाद लौट रहे पाकिस्तानी नागरिकों और भारतीय पक्ष को परेशान करना हो सकता है।

## सिर्फ एक को मारेंगे जो एक लाख के बराबर होगा', लॉरेंस बिश्नोई गैंग की पाकिस्तान को धमकी; टारगेट पर ये आतंकी

नई दिल्ली (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद अब कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने इस हमले का बदला लेने की धमकी दी है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें गैंग ने पाकिस्तान में घुसकर 'एक लाख के बराबर' व्यक्ति को मारने की बात कही है।वायरल पोस्ट में कहा गया है, पहलगाम हमले में बेगुनाह लोगों की हत्या का जवाब देने के लिए हम पाकिस्तान में घुसकर एक ऐसे आदमी को मारेंगे, जो एक लाख के बराबर होगा। इस पोस्ट के साथ आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के सरगना हाफिज सईद की तस्वीर भी लगाई गई है, जिस पर क्रॉस (काट-मार्क) का निशान बना हुआ है। यह सीधे तौर पर हाफिज सईद को निशाना बनाने की धमकी मानी जा रही है। भारत में कई बड़ी आपराधिक वारदातों में जिसका नाम सामने आता रहा है, उस लॉरेंस बिश्नोई गैंग द्वारा कथित तौर पर साझा किया गया यह पोस्ट सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर जंगल की आग की तरह फैल रहा है। हालांकि, इस वायरल पोस्ट की सच्चाई और इसे वास्तव में गैंग ने ही पोस्ट किया है या नहीं, इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी तक नहीं हुई है। गौरतलब है कि लॉरेंस बिश्नोई गैंग पहले भी सोशल मीडिया के जरिए अपनी वारदातों की जिम्मेदारी लेता रहा है और धमकियां देता रहा है।



# भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भाजपा प्रदेश कार्यालय में पत्रकार वार्ता को किया संबोधित

## सोनिया गांधी, मनमोहन सिंह ने जातिगत जनगणना क्यों नहीं करवाई : शिवराज सिंह चौहान

भोपाल (विलक्षण सक्सेना)। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं केन्द्रीय कृषि और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए जातिगत जनगणना के फैसले को लेकर कहा कि, ये सबका साथ, सबका विकास और सबके कल्याण के लिए की जाएगी। मैं जातिगत जनगणना कराने को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी को धन्यवाद देता हूं। ये जाति की राजनीति नहीं है, सुशासन की आधारभूत नींव है, समाज के हर वर्ग को न्याय देने का प्रयास है, जो पूरे पारदर्शी तरीके से जमीन पर उतारा जाएगा। उन्होंने कहा कि, राष्ट्र और समाज के व्यापक हित में जातिगत जनगणना का उपयोग किया जाएगा। वहीं इस दौरान शिवराज सिंह चौहान ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि, कांग्रेस जब सत्ता में रहती है तो काम नहीं करती है, और जब विपक्ष में आती है तो जातिगत जनगणना जैसी मांग करती है। हाथी के दांत दिखाने के और, खाने के और हैं।

**झूठ बोलना और भ्रम फैलाना कांग्रेस के डीएनए में है**

केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि, आज कांग्रेस और इंडी गठबंधन के नेताओं में श्रेय लेने की होड़ लगी हुई है। मैं श्री



राहुल गांधी से पूछना चाहता हूँ कि, वर्षों तक देश में कांग्रेस की सरकारें रही, इतने सालों तक जातिगत जनगणना क्यों नहीं हुई..? उनके पहले प्रधानमंत्री स्वर्गीय पंडित जवाहर लाल नेहरू ने मुख्यमंत्रियों को लिखे पत्र में कहा था कि, वह जाति के आधार पर आरक्षण के भी विरोधी हैं। पत्र रिकार्ड में मौजूद हैं, उन्होंने हमेशा जाति और जातिगत जनगणना का विरोध किया। काका कालेलकर की रिपोर्ट किसने दबाई थी। कांग्रेस ने हमेशा जातिगत जनगणना का विरोध किया। झूठ बोलना और भ्रम फैलाना कांग्रेस के डीएनए में है। कर्जा माफ करेंगे, बिजली बिल माफ करेंगे और बेरोजगारी भत्ता ऐसे कई झूठ कांग्रेस ने हमेशा से बोले हैं।

**राहुल गांधी को संविधान पढ़ने की ट्यूशन लेनी चाहिए**

केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राहुल गांधी पर हमला बोलते हुए कहा कि, आज वो कह रहे हैं कि, तेलंगाना में हुआ है। मैं राहुल गांधी को बताना चाहता हूं कि, तेलंगाना में जातिगत जनगणना नहीं हुई है, सर्वे हुआ है। उन्होंने कहा कि, राहुल गांधी जी को संविधान पढ़ने के लिए ट्यूशन लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि, कांग्रेस आज विज़न की बात करती हैं, कांग्रेस का विजन समाज का विभाजन रहा है। विभाजनकारी नीतियाँ रहीं हैं, समाज को तोड़ने का रहा है, लेकिन हम सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास इसको मूल मंत्र मानकर आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज का दिन ऐतिहासिक दिन है। आज ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में राजनीतिक विषयों की कैबिनेट समिति ने यह फैसला किया है कि अब जनगणना के साथ, जातियों की गणना भी होगी।

# मंडल रेल प्रबंधक द्वारा लोको शेड एवं प्रशिक्षण केंद्र का निरीक्षण

## लोको शेड्स और प्रशिक्षण केंद्र में गुणवत्ता व सुरक्षा मानकों की गहराई से जांच

भोपाल (निप्र)। मंडल रेल प्रबंधक देवाशीष त्रिपाठी ने इटारसी स्थित इलेक्ट्रिक लोको शेड, डीजल लोको शेड तथा मंडलीय प्रशिक्षण केंद्र का व्यापक निरीक्षण किया। इस निरीक्षण का उद्देश्य संरक्षा, कार्यक्षमता एवं संरचनात्मक विकास के विभिन्न आयामों की समीक्षा करना था, जिससे ट्रेनों के संचालन में गुणवत्ता और सुरक्षा को और अधिक मजबूती मिल सके। निरीक्षण के दौरान श्री त्रिपाठी ने इलेक्ट्रिक लोको शेड में होटल लोड कन्वर्टर, नवीनतम H12 लोको, ETP प्लांट (Effluent Treatment Plant), ट्रैक्शन मोटर सेक्शन, बोगी सेक्शन, तथा ब्रेकडाउन टीम की तैयारी जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं का अवलोकन किया। उन्होंने लोको पिट में बोगी अंडर फ्रेम के रखरखाव कार्य का निरीक्षण किया और लोको के ऊपर कार्य करते समय ओवरहेड इक्विपमेंट्स (OHE) आइसोलेशन प्रक्रिया की बारीकी से जांच की। लोको शेड की कार्यप्रणाली पर संतोष व्यक्त करते हुए उन्होंने ईमानदारी और तकनीकी दक्षता के साथ कार्य करने का सुझाव दिया। उन्होंने लोको शेड में हो रहे सिविल कार्यों की प्रगति का भी जायजा लिया और इंजीनियरिंग टीम को निर्धारित समयसीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मंडल रेल प्रबंधक के समक्ष लोको में किए गए नवाचार और



संशोधनों को प्रस्तुत किया, जिनका उद्देश्य लोको की ऊर्जा दक्षता, संचालन में स्थिरता और रखरखाव की सरलता बढ़ाना है। इसके बाद मंडल रेल प्रबंधक श्री त्रिपाठी ने मंडलीय प्रशिक्षण केंद्र का निरीक्षण किया, जहां अमृत भारत स्पेशल ट्रेन के परिचालन हेतु भोपाल और जबलपुर मंडल के 13 लोको क्रू को प्रशिक्षण दिया जा रहा था। मंडल रेल प्रबंधक ने उपस्थित लोको पायलटों से संवाद कर माइक्रोस्लिप जैसी तकनीकी समस्याओं, पर्याप्त विश्राम, सिग्नल पासिंग एट डेंजर एवं संरक्षा से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कर्मियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और मौके पर मौजूद अधिकारियों को आवश्यक समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मंडल रेल प्रबंधक देवासी त्रिपाठी के साथ वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता(टीआरएस) नीरज कुमार शर्मा, वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता (डीजल शेड) जितेन्द्र श्रीवास्तव ,वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता(कर्षण परिचालन) सचिन आर. शर्मा , वरिष्ठ मंडल अभियंता (दक्षिण ) अभिषेक मिश्रा सहित अन्य अधिकारी एवं पर्यवेक्षक उपस्थित रहे। यह निरीक्षण न केवल कर्मियों का मनोबल बढ़ाने वाला रहा, बल्कि यह भी दर्शाता है कि भोपाल मंडल गुणवत्ता, सुरक्षा और नवाचार के मामले में लगातार प्रगति की ओर अग्रसर है।

# भाजपा प्रवक्ता नरेंद्र सलूजा का हार्ट अटैक से निधन



## प्रदेश भर में शोक की लहर

भोपाल(ए)। भारतीय जनता पार्टी के बेबाक प्रवक्ता नरेंद्र सलूजा का हृदय गति रुक जाने के कारण दुखद निधन हो गया है। उनके निधन की खबर से पूरे मध्यप्रदेश में शौक के लहर दौड़ गई है। मिली जानकारी के मुताबिक नरेंद्र सलूजा बीते दो दिनों से सीहोर के एक रिसॉर्ट में थे। वह यहां पर एक पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पहुंचे थे। जहां उन्हें सीने में दर्द हुआ तो साथ वाले लोगों ने अस्पताल चलने का आगाह किया। लेकिन उन्होंने अनसुना करके एसिडिटी की दवाई खाली और इंदौर के लिए रवाना हो गए। सलूजा इंदौर पहुंचे ही थे, कि उन्हें फिर से दिल का दौरा पड़ा और वह अपने घर पर बेहोश होकर गिर पड़े। परिजन फौरन ही उन्हें पास के एक अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टर ने चेकअप के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। गौरतलब है, कि नरेंद्र सलूजा भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने से पूर्व कांग्रेस के कद्दावर नेता माने जाते थे, और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के काफी करीबी थे। लेकिन दोनों में हुई अनबन के बाद उन्होंने कांग्रेस का हाथ छोड़कर भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लिया था। भाजपा में शामिल होने के बाद से ही वह प्रतिदिन सोशल नेटवर्किंग साइट के माध्यम से कांग्रेस की सभी गतिविधियों पर नजर रखते थे। और मौका मिलते ही निशाना साधने से नहीं चूकते थे। सलूजा के निधन से इंदौर सहित मध्य प्रदेश में शोक की लहर दौड़ गई है। उनके चाहने वालों के साथ ही भाजपा नेताओं का उनके आवास पर पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया है।

### भोपाल में ईकेवायसी अभियान को 10 दिवस की बढ़ोत्तरी

भोपाल (आरएनएस)। शासन निर्देशानुसार सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत राशन सामग्री प्राप्त करने वाले हितग्राही सदस्यों की शत-प्रतिशत ईकेवायसी अभियान 12 अप्रैल से भोपाल जिले में चलाया जा रहा है, जिसके तहत शासन द्वारा जिले के शेष रहे 228861 सदस्यों की ई-केवायसी का लक्ष्य प्रदान किया गया था, किंतु समय-सीमा में जिले की लक्ष्य अनरूप कार्य नहीं होने के कारण शासन द्वारा अभियान को आगामी 10 दिवस के लिये बढ़ाया गया है,जिसमें शेष रहे 218831 हितग्राहियों की ईकेवायसी पूर्ण की जाना है।बुधवार को जिला पंचायत कार्यालय, भोपाल के सभाकक्ष में अपर कलेक्टर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत भोपाल श्रीमती इला तिवारी द्वारा बैठक की अध्यक्षता करते हुये भोपाल शहर के ईकेवायसी अभियान दलों के प्रभारी तथा सदस्यों की प्रगति की वार्डवार समीक्षा की गई तथा ईकेवायसी की कार्यवाही घर-घर जाकर करने के निर्देश देते हुये विधिवद्ध रिकार्ड का संधारण करने के भी निर्देश दिए।

# विकलांग आरोपी अपने चार पहिया वाहन से बेच रहा था गांजा, पुलिस ने दबोचा

## -नशीला पदार्थ देने वाला भी गिरफ्तार, ढाई लाख का माल जप्त

भोपाल(ए)। टीटी नगर थाना पुलिस ने एक विकलांग सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से गांजा जप्त किया है। एक पैर से अपाहिज आरोपी को उसके साथी ने गांजा बेचने के लिये दिया था। टीटी नगर थाना प्रभारी सुधीर अरजरिया ने जानकारी देते हुए बताया की टीम को बीते दिन मुखबिर से सूचना मिली की एक सदिंग्ध युवक एक एक्टिवा जिसमें चार पहिया लगे है, उससे हर्षवर्धन नगर सिंधिया गेट के पास आकर गांजा बेचता है। खबर मिलने पर टीम ने घेराबंदी कर मुखबिर के बताये अनुसार सदिंग्ध व्यक्ति को चार पहिया लगी एक्टिवा सहित उस समय पकड़ लिया जब वह किसी का इंतेजार कर रहा था। उसकी पहचान कैलास मालवीय पिता मन्नूलाल जी मालवीय (40) निवासी, जे-41 हर्षवर्धन, टीटी नगर के रुप में हुई। वह एक पैर से अपाहिज था। उसके वाहन में रखी प्लास्टिक की बोरी की तलाशी लेने पर उसमें चार किलो से अधिक गांजा रखा मिला। पूछताछ में कैलाश मालवीय ने वताया कि यह गाँजा उसके दोस्तमनोज अहिरवार पिता पर्वत सिंह अहिरवार (30) निवासी, दुर्गा नगर झुग्गी बस्ती, हबीबगंज ने उसे बेचने के लिये दिया था। उसकी निशादेही पर पुलिस ने आरोपी मनोज अहिरवार को भी पकड लिया। विकलांग आरोपी कैलास मालवीय ने बताया की वह हर्षवर्धन नगर में प्रेस करने का काम करता है। उसके दो बच्चे है, जो स्कूल में पढ रहे है। इन दिनो प्रेस की दुकान में कम काम होने से उसकी आमदनी कम घर के खर्चे अधिक होने से वह आर्थिक तंगी में घिर गया था। पैसा कमाने के लिये उसने यह काम कर रहा था, लेकिन पहली बार में ही पुलिस ने उसे पकड लिया। पुलिस ने बताया की दूसरा आरोपी मनोज अहिरवार टू व्हीलर सुधारने की काम करता है। वह भी शादीशुदा है, और उसे गाँजा पीने की लत है। गांजा पीने की आदत के कारण वह गाँजा खरीदने-बेचने वालो के संपर्क में था। बाद में पैसा कमाने के लिये वह जप्त किया हुआ सारा माल अपने पैसे से इंदौर से लेकर आया था। लेकिन काफी समय से गांजा खरीदने के लिये कोई ग्राहक नही मिलने से वह परेशान था। इसलिये उसने गांजा बेचने के लिये एक नये व्यक्ति कैलास को चुना था। आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला कायम कर पुलिस ने दोनो को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी मनोज अहिरवार के खिलाफ थाना हबीबगंज मे मारपीट सहित अन्य धाराओ के चार प्रकरण पूर्व से दर्ज है।

### जंबूरी दशहरा मैदान में हुआ सर्व समाज कन्या विवाह सम्मेलन राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने 108 जोड़ों को दिया आशीर्वाद

भोपाल (आरएनएस)। पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर ने अक्षय तृतीया पर मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन में सहभागिता की और नवविवाहित जोड़ों को प्रेम, समर्पण और एक दूसरे के प्रति स्नेह, विश्वास से भरे जीवन की शुभकामनाएं दीं।राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने गोविंदपुरा क्षेत्र के जम्बूरी मैदान में सर्व समाज कन्या विवाह योजना के तहत 108 जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि सौभाग्य व समृद्धि का पावन पर्व अक्षय तृतीया आप सभी के जीवन में उन्नति, संपन्नता और प्रसन्नता लेकर आए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश के गरीब परिवारों एवं आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए हमारी सरकार निरंतर अच्छा करने का प्रयास कर रही है। ऐसे परिवार जो आर्थिक कठिनाई के कारण से बेटे-बेटियों के विवाह संपन्न नहीं कर पा रहे थे।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने धार के उमरबन में मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह समारोह में विभिन्न विभागों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

# भोपाल स्टेशन पर कुली की ईमानदारी और रेलवे अधिकारी की तत्परता से यात्री को मिला खोया हुआ बैग

## महत्वपूर्ण दस्तावेजों और नकदी से भरा बैग यात्री को सुरक्षित सौंपा गया



भोपाल स्टेशन पर रेलकर्मियों की ईमानदारी और सजगता एक बार फिर यात्रियों की सेवा में मिसाल बनकर सामने आई

भोपाल (निप्र)। दिनांक 29 अप्रैल 2025 को अपराह्न लगभग 16:10 बजे, एक यात्री श्री अल्फ्रेड टोनी जो ट्रेन संख्या 12618 मंगला एक्सप्रेस से एर्नाकुलम स्टेशन की यात्रा पर थे, वे भोपाल स्टेशन परिसर में स्थित ड्रॉप एंड गो क्षेत्र में टैक्सी से उतरे। यात्रा की जल्दी में वे अपना एक बैग वहीं भूल गए और प्लेटफॉर्म की ओर रवाना हो गए। इसी दौरान प्लेटफॉर्म पर कार्यरत रेलवे कुली छगनलाल (बिल्ला क्रमांक 75) की नजर उस लावारिस बैग पर पड़ी। अपनी ईमानदारी और सजगता का परिचय देते हुए उन्होंने बिना देर किए वह बैग उपस्टेशन प्रबंधक (वाणिज्य) जावेद अंसारी को सौंप दिया। श्री अंसारी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बैग की जांच की, जिसमें नकदी के साथ कई महत्वपूर्ण बैंकिंग दस्तावेज मिले। दस्तावेजों में अंकित मोबाइल नंबर से उन्होंने यात्री अल्फ्रेड टोनी से संपर्क किया और उन्हें उनके बैग के सुरक्षित होने की सूचना दी। सूचना मिलते ही श्री टोनी तुरंत स्टेशन पर उपस्टेशन अधीक्षक कार्यालय में पहुँचकर बैग प्राप्त किया। उन्होंने भोपाल रेल प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मैं बहुत खुश और आभारी हूँ कि इतनी जिम्मेदारी और ईमानदारी से मेरा सामान मुझे वापस मिल गया। रेल प्रशासन का यह व्यवहार यात्रियों के विश्वास को और मज़बूत करता है। इस सराहनीय कार्य पर प्रतिक्रिया देते हुए वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री सौरभ कटारिया ने कहा— भोपाल मंडल में कार्यरत हमारे कर्मचारी यात्रियों की सेवा और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हैं। छगनलाल की ईमानदारी और जावेद अंसारी की तत्परता ने यह सिद्ध कर दिया है कि हमारे स्टाफ न सिर्फ कर्मठ हैं, बल्कि मानवीय मूल्यों को भी निभाते हैं। रेल प्रशासन को उन पर गर्व है। भोपाल रेल मंडल यात्रियों को सुरक्षित, भरोसेमंद और सहयोगात्मक वातावरण उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। यह घटना इस बात का प्रतीक है कि रेलवे केवल यात्रा का साधन नहीं, बल्कि यात्रियों के विश्वास और सुरक्षा का संरक्षक भी है।

# संक्षिप्त समाचार

### उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने भगवान परशुराम जयंती पर प्रदेशवासियों को दी शुभकामनाए

भोपाल (आरएनएस)। तप, त्याग और पराक्रम के प्रतीक भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम जी की जयंती के अवसर पर मध्य प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं हैं। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि भगवान परशुराम का जीवन अन्याय के विरुद्ध संघर्ष और धर्म की स्थापना का प्रतीक है। हम सभी को उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर समाज में न्याय, सद्भावना और सेवा का भाव बढ़ाने का संकल्प लेना चाहिए।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने श्री सलूजा के निधन पर शोक व्यक्त किया

भोपाल (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रखर वक्ता और सक्रिय प्रवक्ता नरेंद्र सलूजा के आकस्मिक निधन पर दुख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि युवा नेता श्री सलूजा के असामयिक निधन का समाचार अत्यंत दुखद और स्तब्धकारी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि स्व. सलूजा मृदुभाषी और सरल, सहज स्वभाव के धनी थे। संगठन के प्रति उनका समर्पण सदैव याद किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सलूजा परिवार के प्रति संवेदनाएँ व्यक्त की हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बाबा महाकाल से दिवंगत आत्मा की शांति और परिजन को इस अपार दु:ख को सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।

### विधवा महिला की मांग भरकर किया रेप, 10 दिन बाद घर से भगा दिया

भोपाल(ए)। सूखी सेवनिया पुलिस ने विधवा महिला की शिकायत पर परिचित के खिलाफ ज्यादती का मामला कायम किया है। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी ने उससे नजदीकियां बढ़ाकर मांग भरकर अपने साथ रख दुष्कर्म किया और 10 दिन बाद उसे घर से भगा दिया। प्रकरण दर्ज कर पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है। पुलिस के अनुसार राजधानी निवासी 27 वर्षीय महिला ने अपनी शिकायत में बताया की दो महीने पहले उसके पति का देहांत हो गया था। उसकी पूर्व से आरोपी अरविंद जैन नाम के युवक से जान-पहचान थी। पति की मौत के बाद युवक ने उससे नजदीकियां बढ़ाईं और शादी करने का झांसा दिया। महिला ने उसपर भरोसा करते हुए अपनी सहमति दे दी। इसके बाद बीती 19 अप्रैल को आरोपी महिला को अपने घर ले गया और वहॉ मांग भरकर उससे शादी कर ली। इसके बाद उसने पीड़िता का शारीरिक शोषण करना शुरू कर दिया। करीब दस दिन तक दैहिक शोषण करने के बाद आरोपी ने उसे अपने घर से भगा दिया। इसके बाद पीड़िता ने थाने पहुचंकर शिकायत की। शिकायत मिलने पर पुलिस ने दुष्कर्म का प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है। बताया गया है कि आरोपी के पास एक वाहन है, जिसे वह खुद ही चलाता है।

### शातिर ठग नकली नोटों की गड्डी थमाकर महिला के जेवर लेकर हुए रफूचक्कर

भोपाल(ए.)। ऐशबाग थाना इलाके में अस्सी फिट रोड पर दो अज्ञात जालसाज युवको ने एक विधवा कामकाजी महिला को अपना शिकार बनाते हुए उसके पहने हुए सोने के जेवरात लेकर चंपत हो गए। महिला से पहले एक आरोपी ने होशंगाबाद जाने का रास्त पूछा, उसी समय आये उसके साथी ने मजबूरी बताकर नोटों की गड्डी देकर महिला के जेवर उतरवा लिए। पुलिस के मुताबिक जागृति कॉलोनी ऐशबाग में रहने वाली मीरा रैकवार (55) पति ओमकार विधवा हैं। अपने जीवन यापन के लिये वह घरों में साफ-सफाई का काम करती हैं। बीती सुबह करीब 10 बजे वह एक घर में काम करने के बाद दूसरे घर जा रही थीं। रास्तें में लोधी मोबाइल शॉप के सामने अस्सी फिट रोड पर उन्हें एक लडका मिला। उसने होशंगाबाद जाने का रास्ता पूछा। महिला ने उसे रास्ता बताया उसी दौरान एक और युवक रंगीन पॉलिथिन लेकर वहां आया और अपनी मजबूरी बताकर पोटली में रखी नोटों की गड्डी दिखाकर कहा की वह सारे पैसै ले ले और अपने जेवर उसे दे दे। उनके झांसे में आई महिला ने कान के सोने के टॉप्स, गले की हाय और पैरों की पायल उतादी। शातिर आरोपियो ने उसके जेवर उसके सामने की एक कपड़ें में बांधे लेकिन इस बीच हाथ की सफाई दिखाते हुए असली जेवर अपने पास रख लिये। बाद में वह कपड़ा और नोटो की पॉलिथीन महिला को देते हुए कहा की यह दोनो सामान अभी आप रखो हम थोड़ी देर बाद आकर जेवर ले जायेगें। जब काफी देर तक दोनो युवक वापस नहीं लौटे तब महिला ने कपड़े की पोटली खोलकर देखा तो उसमें जेवरात की जगह पत्थर रखे थे। वहीं नोटो की पॉलीथींन में नकली नोटो की गड्डी रखी थी। पुलिस का कहना है, कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में दोनों संदेही नजर आ रहे हैं। हुलिए और फुटेज के आधार पर उनकी तलाश की जा रही है।

### लव मैरिज के तीसरे दिन बहू से जेठ ने कर डाला रेप

भोपाल(ए.)। राजधानी भोपाल के नजदीक बैरसिया थाना इलाक में एक युवती के साथ प्रेम विवाह के तीसरे दिन ही उसके जेठ ने उसके साथ बलात्कार कर डाला। युवती ने जब जेठ की करतूत के बारे में पति से शिकायत की तब पति ने को उसे चुप रहने के लिए कहा। उसकी खामोशी से आरोपी जेठ की हिम्मत बढ़ गई और उसकी हरकतें बढ़न लगी। तब परेशान होकर पीड़िता ने थाने पहुंचकर मामला दर्ज करा दिया। थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 20 वर्षीय युवती ने अपनी शिकायत में बताया की जनवरी माह में उसने बैरसिया की एक कॉलोनी में रहने वाले एक युवक से प्रेम विवाह किया था। शादी के बाद वह अपनी ससुराल पहुंच गई। आरोप है की शादी के तीन दिन बाद ही जब उसका पति घर पर नहीं था, तब मौका पाकर आरोपी जेठ अरविंद शर्मा (परिवर्तित नाम) ने शराब के नशे में उसके साथ दुष्कर्म कर डाला। बाद में जब पति के वापस लौटने पर उसने जेठ की सारी करतूत उसे बताई।

### अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस आज - 21 स्थानों पर आयोजित होंगे स्वास्थ्य शिविर

भोपाल (आरएनएस)। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय भोपाल में गुरुवार, 01 मई को अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर घरों में काम करने वाली कामकाजी दीदियों एवं महिला श्रमिकों के लिए विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। ये शिविर भोपाल की 21 तंग बस्ती क्षेत्रों क्रेशर बस्ती भौंरी, गोंडीपुरा, संजीवनी क्लिनिक बाणगंगा, संजीवनी क्लिनिक प्रियदर्शिनी नगर, अंबेडकर नगर , सुनहरी बाग, प्रेमपुरा, भीम नगर, धर्मपुरी, लतीफ नगर, गिरि मोहल्ला, पिपलानी मस्जिद के पास, जय हिंद नगर, बीडीए कॉलोनी अमरावत खुर्द, कृष्णा नगर बरखेड़ा पठानी, आजाद नगर अशोका गार्डन, शंकराचार्य नगर चांदबड़, हनुमान मंदिर ओल्ड सुभाष नगर, डीमार्ट के पास बरखेड़ी, चंपा चौराहा ओल्ड विधानसभा, आंगनवाड़ी केंद्र 966 न्यू कबाड़खाना में लगाए जा रहे हैं। कामकाजी महिलाओं की सुविधा को देखते हुए दोपहर 1.00 बजे से शिविर लगाए जाएंगे।

# समग्र ई-केवाईसी में विदिशा का उत्कृष्ट प्रदर्शन

विदिशा (विलक्षण सक्सेना)। मध्य प्रदेश में समग्र आईडी ई केवाईसी के अभियान ने तेज रफ्तार पकड़ी है. लगभग 10 करोड़ 45 लाख से ज्यादा रजिस्टर्ड समग्र आईडी में 5 करोड़ 23 लाख से ज्यादा ई केवाईसी 31 मार्च 2025 तक पूरा हो गया है. वही अप्रैल माह में अभियान ने रफ्तार पकड़ते हुए 1 अप्रैल से 26 अप्रैल तक 22 लाख नब्बे हजार लोगों की ईकेवाईसी प्रदेश भर में पूरी कर ली गई है जिससे पूर्ण आंकड़ा 5 करोड़ 42 लाख को पार कर चुका है। समग्र आईडी मध्य प्रदेश के हर नागरिक के लिए एक हम दस्तावेज बनता है क्योंकि मध्य प्रदेश सरकार द्वारा प्रचलित सभी योजनाओं के लिए यह एक संपूर्ण परिचय पत्र के रूप में काम करता है. मध्य प्रदेश सरकार द्वारा प्रचलित सभी योजनाओं में समग्र आईडी को आधार के साथ लिंक करने से लाभार्थियों को उसका सुगम एवं निर्णात्मक समाधान मिलता है. विदिशा एवं राजगढ़ ई केवाईसी की इस प्रक्रिया में सबसे बेहतर कार्य करने वाले जिलों के रूप में प्रर्दशन किया है जहां पर राजगढ़ में 71.45 प्रतिशत एवं विदिशा में 61.37 प्रतिशत वृद्धि-दर सर्वसम्मत रूप से प्राप्त की गई है. समग्र आईडी केवाईसी की प्रक्रिया को मध्य प्रदेश सरकार द्वारा प्रोत्साहित कर जिला स्तरीय पर पूर्ण किया जा रहा है. मध्य प्रदेश सरकार केवाईसी की इस प्रक्रिया से विभिन्न क्षेत्रों के लाभार्थियों को जोड़ने की एवं योजनाओं का लाभ वास्तविक लाभार्थियों को पहुंचाने के लिए कार्यरत है। नवनियुक्त विदिशा कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने लोगों से ई-केवाईसी कराने का आव्हान किया।

## -सर्व समावेशी प्रगति में टॉप जिलों में शामिल




**-कैसे करें ई-केवाईसी ?**

सबसे पहले आधिकारिक वेबसाइट- https://samagra.gov.in/ पर जाएं, इसके बाद आपके सामने होमपेज खुलेगा। होमपेज पर आपके सामने कई विकल्प दिखेंगे, यहां आप अपडेट समग्र प्रोफाइल विकल्प में दिए गए ई-केवाईसी करें विकल्प पर क्लिक करें। इसके बाद आपके सामने एक पेज खुलेगा जहां आपसे आपकी समग्र आईडी की मांग की जाएगी। अपनी समग्र आईडी प्रविष्ट करके कैप्चा दर्ज करें और खोजें विकल्प पर क्लिक कर दें। खोजे बटन पर क्लिक करने के बाद आपको अपना मोबाइल नंबर दर्ज करना होगा। मोबाइल नंबर पर आपके एक ओटीपी आएगा, जिसे आपको नीचे बॉक्स में दर्ज करना होगा। इसके बाद आपने आपके समग्र कार्ड की आईडी एंटर की थी उससे संबंधित कुछ निजी जानकारी आपके स्क्रीन पर आपको दिखाई देगी, जिसमें निम्नलिखित जानकारियां शामिल होंगी- समग्र आईडी, नाम, लिंग, पता इसमें नीचे की ओर आपको यह विकल्प मिलेगा की क्या आपके पास मध्यप्रदेश में कृषि करने लायक जमीन है? तो ऐसे में आपके पास भूमि है तो यश क्लिक करके सम्बंधित सभी जानकारी भरनी है। इसके बाद नेस्ट के बटन पर आपको क्लिक करना है।

**समग्र ई-केवाईसी प्रक्रिया स्टेप -2**

इसके बाद आपके सामने केवाईसी का पेज खुल जाएगा, जहां आपके सामने 2 विकल्प दिए रहेंगे, इसमें पहला आधार कार्ड और दूसरा वर्चुअल आईडी का होगा इन दोनों में से आप किसी एक का चयन करके अपनी केवाईसी पूरी कर सकते हैं।

**समग्र आधार ई-केवाईसी प्रक्रिया**

अगर आपका मोबाइल नंबर आधार से जुड़ा हुआ है, तो आप ओटीपी के विकल्प को चुनकर आगे बढ़ें, और अपना आधार नंबर दर्ज करके और सेंड ओटीपी पर क्लिक कर दें। इसके बाद आपके नंबर पर एक ओटीपी सेंड किया जाएगा उस ओटीपी को आपको बॉक्स में दर्ज करना है, इसके बाद आपको स्वीकार करें कि बटन को दबाना है। इसके अलावा जिन नागरिकों का मोबाइल नंबर उनके आधार से अपडेट नहीं है, वे उम्मीदवार बायोमैट्रिक के जरिए अपना ईकेवाईसी कर सकते हैं।

## उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम में बिजली संबंधी 30 शिकायतों का समाधान

इन्दौर (ए.)। पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा विद्युत उपभोक्ता अधिकार नियम 2020 के तहत शिकायत निवारण फोरम की स्थापना मुख्यालय पर करने के उपरांत सर्कल स्तर पर स्थापित किया जाता है। कंपनी क्षेत्र के इंदौर क्षेत्र में इंदौर शहर, इंदौर ग्रामीण, खंडवा, खरगोन, बुरहानपुर, धार, बड़वानी, झाबुआ व उज्जैन क्षेत्र में उज्जैन, देवास, शाजापुर, आगर, रतलाम, नीमच एवं मंदसौर में स्थापित किए हैं। उपभोक्ता इन सर्कल स्तर पर आयोजित हो रहे फोरम में मीटर संबंधी, बकाया राशि, नए कनेक्शन, बिल असंतुष्टि या अन्य विद्युत संबंधी शिकायतों के समाधान के लिए संपर्क कर रहे हैं।

## संबल योजना के तहत ग्वालियर जिले के 387 हितग्राहियों के खातों में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पहुँचाई 8 करोड़ 42 लाख रुपए की अनुग्रह सहायता



**जिले के 1,13,511 किसानों के खातों में किसान कल्याण योजना के तहत भी पहुँचाए 22.70 करोड़ रुपए**

ग्वालियर (ए.)। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने धार जिले के उमरबन में आयोजित हुए कार्यक्रम से सिंगल क्लिक के जरिए ग्वालियर सहित प्रदेश भर के हितग्राहियों के खातों में पहुँचाई धनराशि कलेक्ट्रेट के एनआईसी कक्ष से जिले के किसान व संबल योजना के हितग्राही भी बने इस आयोजन के साक्षी संबल योजना के तहत मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को धार जिले के उमरबन में आयोजित हुए कार्यक्रम से सिंगल क्लिक के जरिए ग्वालियर जिले के 387 प्रकरणों सहित प्रदेश के कुल 27 हजार 523 प्रकरणों में 600 करोड़ रूपए की धनराशि अंतरित की। जिसमें ग्वालियर जिले के 387 हितग्राहियों के खातों में पहुँची 8 करोड़ 42 लाख रूपए की धनराशि शामिल है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस कार्यक्रम से ही सिंगल क्लिक के जरिए मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के तहत मौजूदा वित्तीय वर्ष की प्रथम किस्त के रूप में ग्वालियर जिले के एक लाख 13 हजार 511 किसानों के खातों में लगभग 22 करोड़ 70 लाख रूपए की धनराशि भी अंतरित की। यहाँ ग्वालियर कलेक्ट्रेट के एनआईसी कक्ष में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित हुआ।

## जिले के 320 श्रमिकों के खाते में 6 करोड़ से अधिक की राशि हुई अंतरित




दतिया (ए.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल 2.0 योजना अंतर्गत प्रदेश स्तर पर 27523 श्रमिक परिवारो को 600 करोड की राशि का वितरण उमरबान जिला धार से सिंगल क्लिक से किया गया। जिले के कुल 320 श्रमिक परिवारों को राशि रुपए 6 करोड़ 74 लाख रुपए से लाभान्वित किया गया। जनपद दतिया के कुल 93, नगरपालिका दतिया के 37, जनपद भांडेर के 72, नगरपालिका भांडेर के 13, जनपद सेवढ़ा 88, नगरपरिषद सेवढ़ा के 05, नगरपरिषद बडोनी के 03 तथा नगर परिषद इंदरगढ़ के 09 श्रमिक परिवारों को लाभान्वित किया गया। कार्यक्रम में नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रशांत ढेगुला, दीपू सोनी, कपिल दुवे सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीगण तथा जिले के हितग्राही भी उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने जनसुनवाई में प्राप्त आवेदन पर कार्यवाही करते हुए ग्राम पंचायत रन्नी सचिव को निलंबित कर विभागीय जाँच संस्थित की

झाबुआ (ए.)। कलेक्टर नेहा मीना ने मंगलवार को जनसुनवाई में आवेदन प्राप्त होने पर पंचायत सचिव मोहन कटारा ग्राम पंचायत रन्नी जनपद पंचायत थांदला द्वारा आवेदको को प्रधानमंत्री आवास योजनान्तर्गत पात्र लाभार्थियों को योजना का लाभ प्रदान नहीं करने अनुचित रूप से राशि की मांग करने तथा अपने पदीय दायित्व एवं कर्तव्यों के विपरीत कार्य करने पर मध्यप्रदेश, पंचायत सेवा (ग्राम पंचायत सचिव भर्ती और सेवा शर्ते) नियम 2011 की कंडिका (7) के प्रावधान के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाकर विभागीय जाँच संस्थित की गई। जनसुनवाई में आवेदक श्रीमती कुकडी पति देवा कटारा निवासी ग्राम रन्नी तहसील थांदला द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास का लाभ प्रदान करने हेतु पंचायत सचिव ग्राम पंचायत रन्नी द्वारा अनुचित रूप से राशि की मांग किये जाने, आवेदक मानसिंह पिता थावरा मालीवाड ग्राम कलालीया खाली द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर अवगत कराया गया कि पंचायत सचिव द्वारा मांगी गई रिश्वत की राशि 5000/- नहीं देने पर आवास सूची से नाम हटाने, आवेदक कोदर पिता शंभु कटारा निवासी ग्राम कलालीया खाली द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर अवगत कराया गया कि आवास योजना की तीसरी किश्त पंचायत सचिव द्वारा जमा नहीं कराई जाने, आवेदक लक्ष्मण पिता मडिया डिंडोर निवासी ग्राम कलालीया खाली द्वारा आवास सूची में नाम होने पर भी आवास योजना की राशि ट्रांसफर नहीं करने एवं आवेदक रालजी पिता कानजी कटारा निवासी ग्राम रन्नी द्वारा आवास सूची में नाम होने एवं आवास आवंटित होने के बावजूद राशि खाते में नहीं डालने के संबंध में अवगत कराये जाने पर कलेक्टर ने उक्त कार्यवाही की।

निलंबन अवधि में श्री कटारा का मुख्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत थांदला नियत किया गया। श्री कटारा को निलंबन अवधि में नियमानुसार निलंबन भत्ते की पात्रता अर्जित रहेगी।

## मुख्यमंत्री जन कल्याण (संबल) योजनान्तर्गत अनुग्रह मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा सिंगल क्लिक से अंतरण किया गया

### जिले के 480 हितग्राहियों को 10 करोड़ 34 लाख रुपये की राशि का अंतरण किया गया




झाबुआ (ए.)। मुख्यमंत्री जन कल्याण (संबल) योजनान्तर्गत अनुग्रह योजना के तहत मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा प्रदेश के 27523 श्रमिक परिवारों को 600 करोड़ रुपए की अनुग्रह राशि का सिंगल क्लिक से अंतरण धार जिले के उमरबन से किया गया।

जिले में मुख्यमंत्री जन कल्याण सम्बल योजनान्तर्गत सिंगल क्लिक के माध्यम से मेघनगर, पेटलावद, थान्दला व राणापुर, रामा, झाबुआ, पेटलावद में दुर्घटना में मृत्यु पर अनुग्रह सहायता के 37 प्रकरणों में कुल 1.48 करोड़ रुपये राशि और सामान्य मृत्यु पर अनुग्रह सहायता के 443 प्रकरणों में कुल 8.86 करोड़ रुपये राशि इस प्रकार कुल 480 हितग्राहियों को कुल 10 करोड़ 34 लाख रुपये राशि का अंतरण किया गया। जिला मुख्यालय पर कलेक्टर नेहा मीना एवं जिले के हितग्राहियों द्वारा कलेक्टर कार्यालय से लाइव प्रसारण के माध्यम से कार्यक्रम देखा गया एवं कलेक्टर नेहा मीना द्वारा हितग्राहियों को प्रतीकात्मक रूप से सर्टिफिकेट का वितरण किया गया। मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल) योजना, असंगठित क्षेत्र में कार्यरत लाखों श्रमिकों के लिए महत्वपूर्ण योजना है। योजना में अनुग्रह सहायता योजना अंतर्गत दुघर्टना में मृत्यु होने पर 4 लाख रूपये एवं सामान्य मृत्यु होने पर 2 लाख रूपये प्रदान किये जाते हैं। स्थायी दिव्यांगता पर 2 लाख रूपये एवं आंशिक स्थायी दिव्यांगता पर 1 लाख रूपये तथा अंत्येष्टि सहायता के रूप में 5 हजार रूपये प्रदान किये जाते हैं। संबल योजना में महिला श्रमिकों को प्रसूति सहायता के रूप में 16 हजार रूपये दिये जाते हैं, साथ ही श्रमिकों के बच्चों को महाविद्यालय शिक्षा प्रोत्साहन योजना में उच्च शिक्षा के लिये सम्पूर्ण शिक्षण शुल्क राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाता है। नीति आयोग की पहल पर प्रदेश के गिग एवं प्लेटफार्म वर्कर्स को भी संबल योजना के अंतर्गत सम्मिलित किया जाकर इनका पंजीयन प्रारम्भ किया गया है। इन्हें भी संबल योजना के अंतर्गत समस्त लाभ प्रदान किये जा रहे हैं।

# व्यापार समाचार

## सरकार का बड़ा फैसला, आज से बंद हो जाएंगे ये 15 बैंक




नई दिल्ली (आरएनएस)।- देशभर में एक मई से 15 बैंक बंद होने जा रहे है। जानकारी के अनुसार बताया गया है कि केंद्र सरकार की एक राज्य, एक ग्रामीण बैंक नीति के तहत इन बैंकों को दूसरे बैंकों में विलय हो जाएगा। देश में ग्रामीण बैंकों की संख्या 43 से घटकर 28 रह जाएगी। सरकार के इस फैसले को लेने के पीछे का कारण यह है कि बैंकिंग सेवाओं में मजबूती मिले और वो अधिक प्रभावी बने। सरकार के इस फैसले का असर आपको 11 राज्यों में देखने को मिलेगा। जिसमें आंध्र प्रदेश, यूपी, पश्चिम बंगाल, बिहार, गुजरात, जम्मू-कश्मीर, कर्नाटक और मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा और राजस्थान शामिल है। इन राज्यों में जितने भी ग्रामीण बैंक हैं उनका विलय करके उस राज्य में एक ग्रामीण बैंक बनाया जाएगा। इस फैसले के बाद से ग्राहकों को पहले से और भी बेहतर सुविधाएं मिलेगी। इससे डिजिटल और कस्टमर सर्विस इंफ्रास्ट्रक्चर भी काफी मजबूत होगा और बैंक ब्रांच की संख्या में भी कमी नहीं आएगी। अगर आपका भी अकाउंट इन बैंक में है तो आपको फर्क नहीं पड़ेगा सिर्फ और सिर्फ बैंक का नाम बदलेगा। अकाउंट, लोन और अन्य तरह की सेवाएं पहले की तरह की जारी रखी जाएगी। वहीं इस बदलाव के बाद बैंक अपने कस्टमर को मैसेज के जरिए बताएगा कि नया अकाउंट नंबर क्या है। इसके अलावा उनका नया चेक बुक और पासबुक भी मिलेगा।चैतन्य गोदावरी ग्रामीण बैंक, आंध्र प्रगति ग्रामीण बैंक, सप्तगिरी ग्रामीण बैंक आंध्र प्रदेश ग्रामीण विकास बैंक- आंध्र प्रदेश में है। उत्तर प्रदेश में बड़ौदा यूपी बैंक आर्यावर्त बैंक, प्रथम यूपी ग्रामीण बैंक, पश्चिम बंगाल में बंगिया ग्रामीण विकास बैंक, पश्चिम बंगाल ग्रामीण बैंक, उत्तर बंगाल आरआरबी है। बिहार में दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक, उत्तर बिहार ग्रामीण बैंक है। गुजरात में बड़ौदा गुजरात ग्रामीण बैंक, सौराष्ट्र ग्रामीण बैंक है।

## सेबी ने अडानी ग्रुप और उसके विदेशी निवेशकों को दिया झटका

नई दिल्ली,(ए)।भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने अडानी ग्रुप और उसके विदेशी निवेशकों को झटका दिया है। सेबी ने आंतरिक प्रक्रियाओं की समीक्षा होने तक नियामकीय शुल्कों का सैटलमेंट करने के अनुरोध को स्थगित रखा है। बीते दिनों सेबी ने बताया था कि सैटलमेंट याचिकाओं के नियमों की समीक्षा की जा रही है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सैटलमेंट प्रक्रिया में एकरूपता की कमी और लगाए गए दंड की प्रकृति पर अस्पष्ट नियमों की वजह से समीक्षा की जा रही है। एक सूत्र ने कहा कि समीक्षा में तीन महीने का समय लग सकता हैं जिसके बाद अडानी की याचिकाओं पर नई प्रक्रियाओं के तहत विचार किया जाएगा। सूत्र के मुताबिक अडानी ग्रुप की 30 संस्थाओं ने इनमें से कुछ विनियामक शुल्कों का सैटलमेंट करने के लिए आवेदन किया है।

रिपोर्ट में सूत्र ने बताया कि अडानी ग्रुप की याचिकाएं निपटान के लिए लंबित तीन सौ से ज्यादा आवेदनों में से हैं, लेकिन सबसे प्रमुख की समीक्षा की जा रही है।

## INCOME TAX भरने वालों के लिए जरूरी खबर बदल गया ITR फाइल करने का नियम; जानिए क्या हुआ बदलाव




नई दिल्ली(ए)। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने वित्तीय वर्ष 2024-25 और असेसमेंट ईयर 2025-26 के लिए आयकर रिटर्न फॉर्म आईटीआर-1 और आईटीआर-4 को नोटिफाइड कर दिया है। 1 अप्रैल, 2024 से 31 मार्च, 2025 तक के वित्तीय वर्ष के दौरान अर्जित आय के लिए आईटीआर नए फॉर्म का उपयोग करके दाखिल किया जा सकता है। इस साल आईटीआर फॉर्म में एक बड़ा बदलाव यह है कि सेक्शन 112ए के तहत लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन (एलटीसीजी) जमा करने के लिए आईटीआर-1 (सहज) दाखिल किया जा सकता है। हालांकि, इसकी शर्त यह है कि एलटीसीजी 1.25 लाख रुपये से अधिक नहीं होना चाहिए और आयकरदाता के पास कैपिटल गेन कैटेगरी के तहत कैरी फॉरवर्ड या सेट ऑफ करने के लिए कोई नुकसान नहीं हो। इससे पहले, आईटीआर 1 में कैपिटल गेन टैक्स की रिपोर्टिंग का प्रावधान नहीं था। इस साल सूचीबद्ध इक्विटी शेयरों और इक्विटी एक्सपोजर वाले म्यूचुअल फंड की बिक्री से हुए लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन पर अपना रिटर्न दाखिल करने के लिए करदाता आईटीआर-1 का उपयोग कर सकते हैं।

हालांकि, आईटीआर-1 फॉर्म का इस्तेमाल वे करदाता नहीं कर सकते हैं, जिन्हें गृह संपत्ति की बिक्री से या सूचीबद्ध इक्विटी और इक्विटी म्यूचुअल फंड से शॉर्ट टर्म कैपिटल गेन हुआ हो। सीबीडीटी के मुताबिक, आईटीआर-1 और आईटीआर-4 दोनों फॉर्म में 80सी से लेकर 80यू तक की सभी कटौतियों को ई-फाइलिंग सुविधा में ड्रॉप-डाउन से चुना जाना चाहिए। वहीं, धारा 89ए के अंतर्गत आने वाले विदेश में रखे गए सेवानिवृत्ति खातों से आय पर अब बेहतर फील्ड और रिलीफ ट्रैकिंग सुविधा होगी। आईटीआर-4 सेक्शन 44एडी (बिजनेस) के तहत अगर डिजिटल लेनदेन व्यवसाय के लेनदेन का 95 प्रतिशत तक है, तो टर्नओवर सीमा अब 3 करोड़ रुपए होगी।

## एटीएम से कैश निकालना होगा महंगा, इस दिन से बढ़ जाएंगे चार्ज; जानिए नई दरें

नई दिल्ली (आरएनएस)। अगर आप अक्सर अपने बैंक के अलावा दूसरे बैंकों के एटीएम से कैश निकालते हैं या बैलेंस चेक करते हैं, तो यह खबर आपके लिए महत्वपूर्ण है। अगले महीने की शुरुआत के साथ ही अब एटीएम से पैसे निकालना महंगा होने वाला है। भारतीय रिजर्व बैंक ने एटीएम इंटरचेंज फीस में बढ़ोतरी को मंजूरी दे दी है, और यह बढ़ा हुआ चार्ज 1 मई 2025 से लागू हो जाएगा।

हर महीने की पहली तारीख को कई नियमों में बदलाव होते हैं और 1 मई से भी कई वित्तीय नियम बदलने जा रहे हैं, जिनमें एटीएम ट्रांजैक्शन से जुड़ा यह बदलाव भी शामिल है। अब होम बैंक नेटवर्क के बाहर किसी अन्य बैंक के एटीएम का उपयोग करने पर यूजर्स को पहले से अधिक शुल्क देना होगा। यह शुल्क मासिक मुफ्त लेनदेन सीमा समाप्त होने के बाद लागू होगा।

केंद्रीय बैंक ने भारतीय राष्टीय भुगतान निगम के प्रस्ताव को स्वीकार करते हुए यह शुल्क बढ़ाने की अनुमति दी है। रिपोर्टों के अनुसार, अब तक ग्राहक जब अपने बैंक के एटीएम के अलावा किसी दूसरे बैंक के एटीएम से मुफ्त सीमा के बाद पैसे निकालते थे, तो उन्हें प्रति ट्रांजैक्शन 17 रुपये का शुल्क देना पड़ता था। 1 मई से यह शुल्क बढ़कर 19 रुपये हो जाएगा। इसी तरह, दूसरे बैंक के एटीएम से बैलेंस चेक करने पर लगने वाला 6 रुपये का शुल्क भी बढ़कर 7 रुपये हो जाएगा।

यह ध्यान रखना जरूरी है कि ये बढ़े हुए शुल्क तभी लागू होंगे जब आप अपने बैंक द्वारा तय की गई मुफ्त मासिक एटीएम लेनदेन सीमा पार कर लेते हैं। मेट्रो शहरों में, आप अपने बैंक के अलावा अन्य बैंकों के एटीएम से महीने में पांच बार मुफ्त लेनदेन कर सकते हैं, जबकि नॉन-मेट्रो शहरों में यह सीमा तीन लेनदेन की है। इस सीमा के बाद किए गए हर लेनदेन पर नया बढ़ा हुआ चार्ज लगेगा।

## सरकारी प्रोत्साहन और इंफ्रास्ट्रक्चर में निवेश से ईवी को तेजी से अपना रहे भारत के लोग : रिपोर्ट

नई दिल्ली,(आरएनएस)। सरकारी प्रोत्साहन और इंफ्रास्ट्रक्चर में निवेश से स्थानीय इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) विनिर्माण को बढ़ावा मिल रहा है। इसके साथ ही कई नीतिगत उपाय और इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार, बाजार को 2030 के लक्ष्य के करीब लाने में मदद कर रहे हैं।

काउंटरपॉइंट के लेटेस्ट 'इंडिया पैसेंजर व्हीकल मॉडल सेल्स ट्रैकर' के अनुसार, भारत के यात्री वाहन (पीवी) की बिक्री 2024 में सालाना आधार पर 4.6 प्रतिशत बढ़कर 4.3 मिलियन यूनिट से अधिक हो गई। इस कुल पीवी बिक्री में बैटरी इलेक्ट्रिक वाहनों (बीईवी) की 2.5 प्रतिशत हिस्सेदारी दर्ज की गई है, जो सालाना आधार पर 16 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है।यात्री बीईवी की बिक्री में वृद्धि का श्रेय कई नए मॉडलों के लॉन्च को दिया जा सकता है, जिनमें टाटा कर्व.ईवी, एमजी विंडसर, बीवाईडी सील, बीवाईडी ईमैक्स 7 और टाटा पंच.ईवी रिफ्रेश शामिल हैं।

भारत सरकार ने ईवी अपनाने के लिए महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किए हैं। इस लक्ष्य के तहत 2030 तक यात्री वाहन सेगमेंट में 30 प्रतिशत, संयुक्त दोपहिया और तिपहिया सेगमेंट में 80 प्रतिशत और वाणिज्यिक वाहन सेगमेंट में 70 प्रतिशत ईवी पेनिट्रेशन हासिल करना है।

ऑटोमोटिव बाजार विश्लेषक अभिक मुखर्जी के अनुसार, ऑटोमोबाइल और उनके कंपोनेंट्स के लिए अमेरिकी टैरिफ बढ़ोतरी, भारत के बढ़ते कंपोनेंट निर्यात के लिए एक खतरा पैदा करती है। हालांकि, यह दूसरे बाजारों में कंपोनेंट निर्यात बढ़ाने का भी अवसर पैदा करता है।

भारत की सबसे बड़ी पीवी कंपनी मारुति सुजुकी और अंतरराष्टीय बीईवी स्पेशलिस्ट टेस्ला और विनफास्ट के प्रतिस्पर्धी मूल्य वाले किफायती और प्रीमियम मॉडल के साथ भारतीय बाजार में प्रवेश करने जा रहे हैं। इससे 2025 के अंत तक पीवी बाजार के 5 प्रतिशत हिस्से पर बीईवी का कब्जा होने का अनुमान है।

# आरबीआई ने इंडसइंड बैंक परिचालन की निगरानी के लिए कार्यकारी समिति को दी मंजूरी

नई दिल्ली(आरएनएस)। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने इंडसइंड बैंक के परिचालन की निगरानी के लिए एक अंतरिम समिति के गठन को मंजूरी दे दी है। यह समिति एक अंतरिम अवधि के लिए बैंक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) के कर्तव्यों, भूमिकाओं और जिम्मेदारियों का निर्वहन करेगी, जब तक कि एक स्थायी सीईओ की नियुक्ति नहीं हो जाती। बैंक ने बुधवार को यह जानकारी दी।

यह कदम इंडसइंड बैंक के प्रबंध निदेशक और सीईओ सुमंत कठपालिया द्वारा डेरिवेटिव अकाउंटिंग में चूक को लेकर अपने पद से इस्तीफा देने के बाद उठाया गया है, जिससे निजी क्षेत्र के बैंक की नेटवर्थ में गिरावट आई है।

स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में बैंक ने बताया कि बोर्ड की एक निगरानी समिति की देखरेख में सौमित्र सेन (उपभोक्ता बैंकिंग प्रमुख) और अनिल राव (मुख्य प्रशासनिक अधिकारी) वाली समिति, बैंक के दिन-प्रतिदिन के मामलों का प्रबंधन करेगी।

इस निरीक्षण समिति की अध्यक्षता बोर्ड के अध्यक्ष करेंगे और इसमें ऑडिट समिति; मुआवजा, नामांकन और पारिश्रमिक समिति और जोखिम




प्रबंधन समिति के अध्यक्ष शामिल होंगे।


एक्सचेंज फाइलिंग के अनुसार, आरबीआई की मंजूरी के आधार पर, बोर्ड ने बैंक के संचालन की देखरेख के लिए कार्यकारी समिति का गठन किया है। यह समिति बोर्ड की निरीक्षण समिति की देखरेख और मार्गदर्शन में बैंक के नए एमडी और सीईओ के कार्यभार संभालने तक या मौजूदा एमडी और सीईओ के कार्यमुक्त होने की तिथि से 3 महीने की अवधि तक कार्य करेगी।बैंक ने कहा कि वह शासन के उच्च मानकों को बनाए रखते हुए अपने संचालन की स्थिरता और निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठा रहा है। बुधवार को शुरुआती कारोबार में इंडसइंड बैंक के शेयर में गिरावट आई। एक स्वतंत्र ऑडिट द्वारा बैंक के डेरिवेटिव पोर्टफोलियो में अकाउंटिंग विसंगतियों का पता चलने के बाद बैंक के डिप्टी सीईओ अरुण खुराना ने भी अपना पद छोड़ दिया है।बैंक के बोर्ड द्वारा नियुक्त एक पेशेवर फर्म द्वारा की गई जांच के निष्कर्ष 26 अप्रैल को प्रस्तुत किए गए।ऑडिट रिपोर्ट ने पुष्टि की कि गलत अकाउंटिंग प्रैक्टिस के कारण 31 मार्च, 2025 तक बैंक के प्रॉफिट और लॉस अकाउंट पर 1,959.98 करोड़ रुपए का प्रतिकूल संचयी प्रभाव पड़ा।यह मुद्दा पहली बार 10 मार्च को सामने आया, जब इंडसइंड बैंक ने खुलासा किया कि आंतरिक समीक्षा के दौरान पाए गए डेरिवेटिव खातों में विसंगतियों के कारण बैंक की डेरिवेटिव बुक में मार्क-टू-मार्केट (एमटीएम) घाटे का असर दिसंबर 2024 तक बैंक की कुल संपत्ति के 2.35 प्रतिशत तक हो सकता है।

## सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

# न्यायपालिका पर हमले

उप-राष्ट्रपति ने संसद को सर्वोच्च बताया है। यानी संसद कोई भी विधेयक पारित कर सकती है, जिसका न्यायिक परीक्षण नहीं होना चाहिए। इस तरह जगदीप धनखड़ ने अवरोध एवं संतुलन की संवैधानिक व्यवस्था को सिरे से नकारने की कोशिश की है।न्यायपालिका पर हमले जारी रखते हुए उप-राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने अब ये विवादास्पद बात कही है कि भारतीय व्यवस्था में संसद सर्वोच्च है। इस तरह उन्होंने अवरोध एवं संतुलन की संवैधानिक व्यवस्था को सिरे से नकारने की कोशिश की है। धनखड़ के मुताबिक संसद के ऊपर सिर्फ मतदाता हैं, जो संसद का चुनाव करते हैं। इस तर्क को आगे बढ़ाया जाए, तो उसका अर्थ निकलेगा कि निर्वाचित होने के बाद संसद कोई भी विधेयक पारित कर सकती है, जिनमें संविधान संशोधन बिल भी शामिल हैं। यह तर्क सीधे तौर पर संवैधानिक अदालतों के अस्तित्व को चुनौती है।इसलिए कि संवैधानिक अदालतों (सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट) को संविधान ने संवैधानिक प्रावधानों की व्याख्या का अधिकार दिया है। इसके तहत सुप्रीम कोर्ट को संसद से पारित विधेयकों के परीक्षण का अधिकार भी हासिल है। भारत में न्यायशास्त्र के विकास के साथ सुप्रीम कोर्ट ने संविधान के बुनियादी ढांचे का सिद्धांत विकसित किया है।इस ढांचे से हेरफेर करने वाले कानूनों को रद्द कर देने का अधिकार उसे हासिल है। फिर संविधान के अनुच्छेद 142 में प्रावधान है कि 'न्याय को पूर्णता प्रदान करने के लिए' सुप्रीम कोर्ट आदेश जारी कर सकता है। यह आदेश सारे देश में लागू होगा। जहां तक सर्वोच्चता का सवाल है, तो भारतीय संवैधानिक व्यवस्था में शक्तियों के अलगाव का सिद्धांत अपनाया गया है।इसके तहत कोई राजकीय संस्था सर्वोच्च नहीं है। हर संस्था को ऐसे अधिकार हैं, जिससे वह अवरोध एवं संतुलन का दायित्व निभा सके। अवरोध एवं संतुलन की व्यवस्था यह सुनिश्चित करती है कि हर संस्था संवैधानिक दायरे में काम करे। इस तरह अधिनायकवाद की प्रवृत्तियों पर नियंत्रण बना रहता है। उप-राष्ट्रपति खुद एक बड़े संवैधानिक पद पर हैं, जहां उनसे भी ऐसी भूमिका की अपेक्षा की जाती है। मगर हाल के भाषणों में उन्होंने 'न्याय को पूर्णता प्रदान करने' संबंधी सुप्रीम कोर्ट के आदेशों को चुनौती दी है और अब उन्होंने संसद की सर्वोच्चता का एलान किया है। उनके इस नजरिए से राष्ट्रीय जनमत के एक बड़े हिस्से में कौतूहल देखा गया है। ये सवाल उठा है कि आखिर धनखड़ ऐसे दावे क्यों कर रहे हैं?



उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह ने अक्षय तृतीया के अवसर पर यमुनोत्री धाम के औपचारिक उद्घाटन के दौरान सराहना की.

( 1 मई,अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस )

# बालश्रम एक बड़ी समस्या,श्रमिकों का उद्धार कब होगा

संजीव ठाकुर

संविधान के अनुसार 18 साल से कम उम्र का बच्चा यदि घरेलू कामों से अलग अन्य कार्यों जैसे कारखाना, होटल हलवाई या अन्य जगह कार्य करता है तो उसे बाल श्रमिक माना जाता है। कानूनी रूप से बाल श्रम पर प्रतिबंध लगाया गया है। पर पूरे भारत सहित अन्य विकासशील देशों में बाल श्रम की बहुतायत पाई गई है। बाल श्रमिकों के साथ बड़े मजदूरों की की समस्या भी बड़ी विकराल है इसमें भारत देश को निजात पाना अत्यंत जरूरी है। बाल श्रम केवल एक ही रूप में मौजूद नहीं है बल्कि कई अन्य रूपों में भी वह प्रचलित है, इसमें घर पर कार्य करने वाले घरेलू श्रमिकों चाय खाने-पीने की होटलों पर कार्य करते बच्चे पटाखा उद्योगों में दिन रात काम करते बच्चों के छोटे-छोटे शहरों में कचरा कूड़ा बीनते और भीख मांगते बच्चों से कार्य लिया जाना भी बाल श्रम माना जाता है। यह भी कानूनी रूप से अवैध ही है। बाल श्रम मूल रूप से भारत में व्याप्त गरीबी, भुखमरी, कुपोषण तथा बेरोजगारी जैसे कारण के कारण परिवार के लोगों द्वारा स्वयं अपने बच्चों को बाल श्रम के दलदल में फसा दिया जाता है। इसके अतिरिक्त समाज में शिक्षा का अभाव, अंधविश्वास जागरूकता का अभाव तथा




बच्चों के अधिकार के प्रति जानकारी का नितांत अभाव और बाल श्रम को लागू करने वाली संस्थाओं की कमजोरी के कारण बाल श्रम को बल मिलता है। बाल श्रम रोकने के लिए कानूनी प्रक्रिया में इतनी लंबी तथा महंगी होती है की इस प्रक्रिया पर रोक लगाना लगभग असंभव प्रतीत दिखाई देता है। कई परिवारों में बहुत बच्चे होने के कारण और परिवार के अभिभावकों की असामयिक मृत्यु अथवा बीमारी के कारण बच्चों पर ज्यादा जिम्मेदारी आने से बाल श्रम का सिलसिला शुरू होता है, और वह निर्बाध गति से आगे बढ़ता है। इसमें बच्चों का समाजिक, शारीरिक, मानसिक, आर्थिक, प्रशासनिक जैसे सभी स्तरों पर शोषण होता है। भारत में बाल श्रम इसीलिए भी प्रचलित है क्योंकि बाल श्रमिकों को वयस्क श्रमिक से आधे से भी कम पारिश्रमिक दिया जाता है। बाल श्रमिक बहुत कम दाम पर आसानी से उपलब्ध हो जाता है। इसलिए इस सिलसिले को रोकने का प्रभावी कदम उठाए जाने चाहिए। बालकों के श्रम करने से उनमें मस्तिष्क का तनाव मानवी कुंठा तथा उन्हें दिग्भ्रमित करने की दिशा में कई स्तरों पर शोषण किया जाता है। इस तरह लाखों बच्चे सामाजिक बुराई के शोषण का शिकार होते हैं। बाल श्रम के कारण अनेक विसंगतियां के प्रमाण मिले थे जैसे मानव दुर्व्यवहार, बाल वेश्यावृत्ति जैसे अपराधों में बड़ी संख्या में वृद्धि होती है,और बाल श्रमिकों का जीवन एक दुर्घटना तथा अभिशाप बनकर रह जाता है। समाज के लिए कई परेशानियों का जन्म भी होता है। बाल श्रम करने के पश्चात भी बालकों बालिकाओं को पर्याप्त भोजन नहीं मिलने से वह कुपोषण के भी शिकार होते हैं, और बाद में कई बीमारियों के संवाहक भी बन जाते हैं। जो बालक बालिकाओं की जिंदगी के लिए अत्यंत खतरनाक एवं कष्ट दायक होता है। बाल श्रम रोकने के लिए भारत सरकार द्वारा कई प्रयास किए बाल श्रम उन्मूलन अधिनियम 1986 का यदि कड़ाई से पालन किया जाए तो बाल श्रम को रोका जा सकता है। इसका क्रियान्वयन करने वाली एजेंसियां ही एकदम ढीली एवं संदेशों से परे नहीं है। इन एजेंसियों में नियोजक द्वारा क्रियान्वयन की जाने वाली एजेंसियों के अधिकारियों के साथ भ्रष्टाचार करके इसे लालफीताशाही की चादर ओढ़ा दी जाती है। ऐसे में लाखों बच्चे बाल श्रम की आग में झोंक दिया जाते हैं। भारत में बाल श्रम उन्मूलन अधिनियम 1986 एवं प्राथमिक शिक्षा अधिकार 2009, राष्ट्रीय पोषण मिशन, राष्ट्रीय बाल श्रम निवारण योजनाएं बनाई गई है। इनके क्रियान्वयन में को की लेटलतीफी के कारण लाखों बच्चे अभी भी बाल श्रम में उलझे हुए हैं। अपनी जिंदगी को स्वयं अपने कंधों पर ढोने पर मजबूर हो रहे हैं। ऐसे में दुनिया भर की मानव अधिकार संस्थाएं क्यों मौन है। इतने कानून बनने के बाद भी बाल श्रमिकों की संख्या हर वर्ष क्यों बढ़ते जा रही है। यह एक विचारणीय प्रश्न है। बाल श्रमिकों पर जब भी संसद या विधायिका में प्रश्न उठाए जाते हैं तो मानव अधिकार की संस्थाएं क्यों बगले झांकने लगती है। बाल श्रमिक होना और बाल श्रम करवाना दोनों अलग-अलग मुद्दे हैं।

# व्यंग्य: आस्तीन में घर हैं जिनके

विवेक रंजन श्रीवास्तव

सोशल मीडिया में खालिस भारतीय विदेशी भक्त और उनकी दोहरे चरित्र देखने लायक हैं। भारत के डिजिटल जंगल में इस नई प्रजाति का उदय हुआ है , जिनकी ज़ुबान वैश्विक नागरिकता का राग अलापती है, पर भारत की आस्तीन में छुपा उनका घर किसी और ही महाद्वीप का पता बताता है। ये वो शख़्सियतें हैं जो भारत की मिट्टी में पलती-बढ़ती हैं, पर उनकी नज़रें हमेशा विदेशी स्टैंडर्ड्स के पैमाने से ही देश को नापती हैं। अगर कोई भारत सरकार की आलोचना करे, तो ये उसकी पीठ थपथपाने को तैयार मिलते हैं।

यदि सरकार के समर्थन में कुछ लिख दिया तो यह ब्रिगेड भक्त का टाइटिल देने में देर नहीं लगाती , इस तरह वे स्वयं को कथित सेक्युलर साबित करने में जुट जाते हैं। विदेशी सरकारों के मुंह से भारत पर कोई टिप्पणी निकले, तो ये उसे सच्चाई का आईना घोषित कर देते हैं। आस्तीनों में बसे इनके घर की नींव तो शायद , न्यूयॉर्क या जेनेवा की मिट्टी से बनी है! इनके रहने वाली बांबी भीतर ही भीतर पाकिस्तान और बंगलादेश तक जुड़ी हुई है।

इनका व्यंग्य-शस्त्रागार बेहतरीन होता है। सरकार ने कोई नीति बनाई तुरंत ट्विटर पर ट्रेंड करो: अरे, स्वीडन में ऐसा होता तो...। किसी भारतीय संस्था ने कोई उपलब्धि हासिल की? ..पर सिंगापुर में तो ये सालों पहले...। ये लोग कॉम्पेयर एंड डिस्पेयर के मास्टर हैं। इन्हें पता ही नहीं कि स्वीडन की आबादी भारत के एक छोटे राज्य जितनी है, या सिंगापुर का भूगोल चंडीगढ़ से छोटा है। पर इन्हें यथार्थ से क्या लेना-देना इनका काम वर्चुअल एक्सपर्ट बनकर अपने ही देश को लताड़ना है। ये अभिव्यक्ति की आज़ादी की दुहाई देते हैं, पर इनकी परिभाषा में आज़ादी सिर्फ़ सरकार की आलोचना करने तक सीमित है। अगर कोई इनसे पूछे, भई, आप जिस देश को आइडियल मानते हो, वहाँ तो पुलिस प्रोटेस्टर्स पर घोड़े दौड़ाती है! तो जवाब मिलता है वो अलग बात है, वहाँ की सरकार परफेक्ट है। यानी, इनके लिए आलोचना का अधिकार सिर्फ़ भारत के लिए रिज़र्व्ड है। बाकी दुनिया, उन्हें तो समझने की ज़रूरत है! ये विदेशी मीडिया के प्रति हैलो प्रिंसिपल सिंड्रोम से ग्रस्त होते हैं।

ये अंग्रेजी जानते हैं, विदेशी मीडिया के प्रति बेहिसाब लगाव रखते हैं। किसी विदेशी मीडिया ने भारत पर कोई रिपोर्ट छापी, तो ये उसे गॉस्पल मानकर शेयर करते हैं। पर अगर भारतीय मीडिया विदेशों में हो रहे अत्याचारों की बात करे, तो ये उसे प्रोपेगैंडा बताते हैं। इनके मुताबिक़, ऑब्जेक्टिविटी की मोहर सिर्फ़ विदेशी चैनलों पर लगती है। और हाँ, अगर कोई भारतीय इस दोहरे मापदंड पर सवाल उठाए, तो वह अंधभक्त कहा जाता है!

इनके ट्वीट्स और पोस्ट्स देखकर लगता है मानो भारत की हर समस्या का समाधान विदेशी सलाहकारों के पास है। गंगा प्रदूषण यूरोपियन एक्सपर्ट्स को बुलाओ! किसान आंदोलन यूएन को हस्तक्षेप करना चाहिए! पर इन्हें यह नहीं सूझता कि जिन देशों को ये रोल मॉडल मानते हैं, उन्होंने अपनी समस्याएँ खुद सुलझाई थीं। स्वदेशी समाधानों पर भरोसा अरे, वो तो रिग्रेसिव है! वेस्टर्न वैलिडेशन चाटुकारिता का नया अवतार, ये लोग भारत के सॉफ्ट पावर पर तब तक शक करते हैं, जब तक कि कोई विदेशी उसे वैलिडेट न कर दे।

योग तब तक अंधविश्वास है, जब तक यूनेस्को ने उसे विरासत न घोषित किया। आयुर्वेद झाड़-फूँक है, जब तक हॉलीवुड सेलिब्रिटीज़ ने उसकी तारीफ़ न कर दी। इन्हें लगता है कि भारत की प्रशंसा का अधिकार सिर्फ़ विदेशियों के पास है। जैसे कि अपनी माँ की तारीफ़ पड़ोसी के मुँह से निकलना ज़रूरी हो!

हो सकता है कि इन आस्तीन के सांपों का इरादा देश का भला करना हो, पर इनकी रणनीति संदेह पैदा करती है। ये भूल जाते हैं कि स्वतंत्रता और राष्ट्र-विरोधी नैरेटिव में फ़र्क होता है। समस्या यह नहीं कि ये सरकार की आलोचना करते हैं; समस्या यह है कि ये एजेंडा प्रेरित टूल किट से अंध प्रवक्ता बनकर , फिर देश की आस्तीन में घुस जाते हैं।

# छात्रों के विरोध अशलील और असभ्य

प्रियंका सौरभ

दिल्ली विश्वविद्यालय, जिसे भारत के सबसे प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों में गिना जाता है, हाल में एक अजीबोगरीब और प्रतीकात्मक विरोध का केंद्र बना। कुछ छात्रों ने क्लासरूम की दीवारों पर गोबर लीपा और प्रिंसिपल के घर के बाहर भी गोबर फेंक दिया।

यह कोई फिल्मी सीन नहीं था, न ही कोई ग्रामीण उत्सव-यह था एक गुस्से से भरा राजनीतिक वक्तव्य। यह घटना न केवल ध्यान खींचती है, बल्कि कई गहरे और असहज सवाल भी खड़े करती है- क्या विविद्यालय सिर्फ सत्ता का विस्तार बन चुके हैं? क्या छात्र आंदोलन केवल 'विचारों' से नहीं, अब 'गंध' से भी संवाद करने लगे हैं? यह विरोध दिल्ली यूनिर्वसटि के साउथ कैम्पस के एक कॉलेज में हुआ जहां छात्रों ने गोबर लीप कर क्लासरूम को 'पवित्र' करने की कोशिश की। दरअसल, 'पवित्रता' का यह तंज था-एक ऐसे सिस्टम पर, जिसे छात्र 'अपवित्र' मानते हैं। कहा गया कि यह विरोध जातिगत भेदभाव, एक दलित प्रोफेसर के साथ अन्याय, और प्रशासन की असंवेदनशीलता के खिलाफ था। छात्रों ने न सिर्फ कक्षाओं को गोबर से लीपा, बल्कि प्रिंसिपल के घर तक जाकर वहां भी प्रदर्शन किया। भारत में गोबर का उपयोग सदियों से पवित्रता, शुद्धता और स्वदेशी जीवन शैली के प्रतीक के रूप में होता आया है। लेकिन इस मामले में इसका प्रयोग गहराई से व्यंग्यात्मक था। यह ऐसा प्रतीक था जो न केवल सत्ता की 'पवित्रता' को उलट देता है, बल्कि दिखाता है कि छात्र अब विरोध के पारंपरिक तरीकों से आगे बढ़कर सत्ता की भाषा को उसके ही प्रतीकों से जवाब दे रहे हैं। यह विरोध दरअसल उस छद्म सांस्कृतिक राष्ट्रवाद पर चोट करता है जो गाय, गोबर और गंगा जल को पवित्र मानता है, लेकिन दलित, आदिवासी व वंचित समुदायों की पीड़ा को अपवित्र विषय मानता है। भारतीय विविद्यालय धीरे-धीरे उस विचारभूमि से हटते जा रहे हैं, जहां असहमति को प्रोत्साहन मिलता था। आज यदि कोई छात्र या प्रोफेसर सत्ता के खिलाफ बोलता है, तो उसे 'राष्ट्रविरोधी', 'गद्दार', या 'विकास-विरोधी' कहा जाने लगता है। कैम्पस अब लोकतांत्रिक संवाद के केंद्र नहीं, बल्कि डर के घेरे बनते जा रहे हैं। छात्रों के इस कदम को केवल 'असभ्यता' कह कर खारिज करना आसान है, लेकिन नहीं भूलना चाहिए कि यह घटना उस निराशा और हताशा की उपज है जो वर्षों से भीतर ही भीतर सुलग रही है।

## आज का राशिफल

मेष राशि: आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। आज अपने व्यक्तित्व और स्वभाव में लाया गया परिवर्तन बेहतरीन रहेगा। सामाजिक तथा पारिवारिक लोगों की तरफ से विशेष मान-सम्मान मिलेगा। घर में किसी महत्वपूर्ण व्यक्ति के आने से किसी खास मुद्दे पर सकारात्मक विचार विमर्श होगा। आज आलस को अपने ऊपर हावी न होने दें।

वृष राशि: आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज किसी अपरिचित व्यक्ति से ज्यादा घुलने-मिलने से आपको बचना चाहिए। आज अपनी खास योजना किसी से भी शेयर न करें। कभी-कभी बहुत ज्यादा आत्म निर्भर होना और ईगो की भावना रखने से आपको समस्या हो सकती है।

मिथुन राशि: आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आपके व्यक्तित्व में सकारात्मक बदलाव आएगा और रहन-सहन के प्रति अधिक सजग रहना दूसरों के बीच आकर्षण का केंद्र बनेगा। आज किसी रुके हुए काम को पूरा करने के लिए उचित समय है। किसी भी योजना को क्रियान्वित करने से पहले घर के सदस्यों की सलाह जरूर लें। लेनदेन के मामलों को लेकर सावधानी बरतें।

कर्क राशि: आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज व्यवसायिक कार्यप्रणाली में बेहतर सुधार आने से आपके कार्य समय से पूरे होते रहेंगे। यह समय रुकी हुई पेमेंट को कलेक्ट करने तथा आर्थिक स्थितियों को मजबूत करने के लिए उत्तम है। आज नौकरी कर रहे लोगों को फोन द्वारा किसी उच्चाधिकारी से महत्वपूर्ण सूचना मिल सकती है।

सिंह राशि: आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज किसी भी काम को करने से पहले उससे संबंधित जानकारी हासिल करने से ज्यादा सफलता मिलेगी। आप अपनी प्रतिभा को पहचाने और पूरी ऊर्जा के साथ अपनी दिनचर्या व कार्यप्रणाली को व्यवस्थित रखेंगे। आज अपनी योजनाओं व गतिविधियों को किसी के साथ भी शेयर ना करें।

कन्या राशि: आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आज आस-पास के लोगों के लिए आपका व्यवहार अच्छा रहेगा, आपके अंदर नयी ऊर्जा का संचार होगा। आज आपको जो भी काम दिया जायेगा उसे आप अच्छे से करेंगे। बिजनेस में आपको मेहनत के अच्छे नतीजे हासिल होंगे। आज आपको अपने गुस्से पर कंट्रोल रखना होगा अन्यथा बना बनाया काम दूबारा करना पड़ सकता है। परिवार के साथ आज मूवी देखने की प्लानिंग करेंगे। कान से जुड़ी समस्या के लिए आज किसी अच्छे डॉक्टर को दिखा सकते है।

तुला राशि: आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज का समय उपलब्धियों वाला है। आज अपनी पूरी मेहनत व ऊर्जा अपने कार्यों के प्रति लगायेंगे। आज आपको ध्यान रखना होगा कि आपका प्रोजेक्ट तय समयानुसार पूरा हो जाये। आज आपको अपने गुस्से व आक्रोश पर नियंत्रण रखना जरूरी है। आज जीवनसाथी तथा पारिवारिक सदस्यों का पूर्ण सहयोग रहेगा। आपसी रिश्ते सौहार्दपूर्ण बने रहेंगे।

वृश्चिक राशि: आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप किसी व्यक्ति विशेष के बारे में सोच कर रोमांचित रहेंगे। आज आपको कुछ नए अनुभव मिल सकते हैं। आज आपके लिए घर का सदस्य कुछ खरीद सकता है जिसे पाकर आप आनन्दित होंगे। आज वर्कस्पेस पर सीनियर्स और बॉस के द्वारा कुछ बताया जा रहा है तो उसे गंभीरता से लें, और अपनी कमियों को जानकर उसे सुधारने का प्रयास करें।

धनु राशि: आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आप जानते हैं कि आपका काम मुश्किल नहीं है बस आपको हौसला बनाकर रखना है। करियर में सुधार करने के लिए जिन बातों में बदलाव करना है, वह स्पष्ट रूप से जानने की कोशिश करें। आपके कामों की गति बढ़ेगी, जिससे आपको अच्छा धन लाभ होगा

मकर राशि: आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज आपके परिवार में आपसी सौहार्द बना रहेगा। प्रोफेशनल लाइफ में मामले स्पष्ट रखें। व्यापारिक दृष्टिकोण से आज सब कुछ ठीक रहेगा। आपकी इनकम अच्छी रहेगी। आपके धन प्राप्ति के मार्ग में यदि कुछ समस्याएं आ रही है, तो वह आज दूर होगी। आज परिवार का संपत्ति संबंधित मामला सुलझ सकता है, जिसमें आपको वरिष्ठ सदस्यों की मदद भी मिलेगी।

कुंभ राशि: आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। लोगों के मन में आपके प्रति सम्मान का भाव रहेगा यह देखकर आपको ख़ुशी होगी। आज आप घर के कामों में अपनी माँ की मदद करेंगे और भविष्य को लेकर आप बातचीत भी करेंगे। आज आप अपने कामों में जल्दबाजी दिखाने से बचेंगे तो आप समस्या से बच जायेंगे।

मीन राशि: आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। आपका जो उद्देश्य है, उससे जुड़े विचारों पर ध्यान देने की कोशिश करें। अन्य लोगों की मदद से आज आपके रुके कार्य पूरे हो जायेंगे। मित्रों के साथ बिताए हुए समय की वजह से आनंद मिलेगा। आज आपको संतान की संगति की ओर विशेष ध्यान देना होगा। आज आपकी किसी संपत्ति का सौदा हो सकता है।

# सीरिया से बदतर हो जाएंगे पाकिस्तान के हालात

डॉ हिदायत अहमद खान

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की जितनी भी निंदा की जाए कम है। इस घटना के दोषियों को सख्त से सख्त सजा मिलनी ही चाहिए, फिर चाहे वो देश के अंदर मौजूद हों या फिर सीमापार। इससे किसी भी शांतिप्रिय व्यक्ति या देश को आपत्ति भी नहीं होनी चाहिए। बल्कि ऐसे आतंकियों को सजा दिलाने में सभी को साथ आना चाहिए, ताकि दुनियां में यह संदेश जा सके कि निर्दोष और निहत्थों पर जुल्म और ज्यादती करने और बेरहमी से जान लेनें वालों की इस दुनियां में न तो कोई जगह है और न ही किसी को उनकी जरुरत है। पर अफसोस कि आतंकवाद को पालने और दरिंदों की फौज तैयार कर पड़ोसियों को ज्यादा से ज्यादा परेशान करने की जो रणनीति पर चल रहा हो, वह शांति और भाईचारे की बात को कैसे समझ सकता है। ठीक वैसे ही जैसे कि जो इमारत नफरत की नींव पर खड़ी की गई हो उसमें सुख-समृद्धि और भाईचारा कैसे निवास कर सकता है। बगावत और हमेशा कत्लेआम की भाषा बोलने वाले प्रगति के पथ पर सरपट दौड़ ही नहीं सकते। इसके चलते बहुतायत में अशिक्षा, बेरोजगारी और गरीबी पनपती है और फिर शुरु होता है अपनों और परायों का फर्क किए बगैर छल-कपट और फरेब के साथ ही खून-खराबे का वो दौर जो इस समय पाकिस्तान में देखने को मिल रहा है। वैसे देखा जाए तो विभाजन के बाद से पाकिस्तान कभी सुकून से बैठा ही नहीं। राजनीतिक अस्थिरता और आतंकवाद को पालने का परिणाम बांग्लादेश के तौर पर पाकिस्तान के दो टुकड़े हो जाना हमेशा। उसके दिल में इसकी टीस सदा ही उभरती होगी, इससे भी इंकार नहीं किया जा सकता है। बावजूद इसके सही रास्ते पर आने की जगह पाकिस्तान अपने ढर्रे पर कायम रहा, नतीजा पीओके और बलूचिस्तान के साथ ही अफगानिस्तान के सीमावर्ती क्षेत्रों में बगावत के सुर और बड़ी तादाद में हिंसा का होना है। अब यदि वह कुछ और करने की सोचता भी है



तो बिना कुछ किए एक और प्रांत अलग देश बनाने को तैयार बैठा है। पाकिस्तान की संसद में इसको लेकर बात भी हो चुकी है, जिसे एक सांसद ने यह कहते हुए बतला दिया था कि इस अशांत प्रांत के 12 जिलों में विद्रोही गुटों की आजाद सरकारें चल रही हैं। मतलब साफ है कि जहां आवामी सरकार के पैररल किसी संगठन की अपनी सरकार चल रही हो, वहां के हालात कैसे हो सकते हैं।इस समय पाकिस्तान के कुछ मंत्री समेत नेता भी भारत को गीदड़भभकी देने का काम कर रहे हैं। परमाणु संपन्न होने का वो दम भर रहे हैं और बता रहे हैं कि ईंट का जवाब पत्थर से दिया जाएगा। बात यह है कि यदि वाकई युद्ध होता है तो फिर पाकिस्तान के अंदर मौजूद विद्रोही गुट क्योंकर खामोश बैठेगा। वह भी मौका देख अपने मकसद को पूरा करने के लिए पाकिस्तानी सरकार और सेना के खिलाफ हथियार उठाने से पीछे नहीं हटेगा। स्थिति सीरिया से भी बदतर हो जाएगी और एक और जख्म देश टूटने का पाकिस्तान को सहना पड़ जाएगा। ऐसा नहीं है कि देश के हालात से पाकिस्तान की मौजूदा शहबाज सरकार नाबाकिफ है, लेकिन इससे निकला कैसे जाए यह उसे सूझ ही नहीं रहा है। गौर करने वाली बात है कि पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान जो खुद इस समय जेल में हैं कह रहे हैं कि पहलगाम घटना में लोगों की जान जाना बेहद परेशान करने वाला और दुखद है। पीड़ितों और उनके परिवारों के प्रति मैं अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं। वो पुलवामा घटना को याद करते हुए आगे कहते हैं कि जब पुलवामा की घटना हुई थी, तब हमने भारत को हरसंभव सहयोग करने की पेशकश की थी, लेकिन भारत तब कोई ठोस सबूत पेश करने में विफल रहा। इसके साथ ही इमरान ने यह भी कह दिया कि उन्होंने तो पहलगाम जैसी घटना की 2019 में ही भविष्यवाणी कर दी थी। वैसे इमरान की बात ज्यादा इसलिए मायने नहीं रखती क्योंकि उन्हें खुद अपने भविष्य का पता नहीं है। कब जेल से छूटेंगे और कब अपने विरोधियों के दिए हुए जख्मों का बदला ले पाएंगे, कहा नहीं जा सकता है। पाकिस्तान में जुल्फीकार अली भुट्टो, बेनजीर भुट्टो, जनरल परवेज मुशर्रफ और भी कई बड़े नेताओं का हश्र तो दुनियां देख ही चुकी है। इन तमाम घटनाओं के लिए किसी विदेशी की आवश्यकता ही नहीं पड़ी थी। बहरहाल इस समय पाकिस्तान को चाहिए था कि वो आगे आता है और आतंकवाद को खत्म करने भारत से कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ता, लेकिन ऐसा मुमकिन नहीं है। इसलिए युद्ध की भाषा बोली जा रही है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद से ही किसी अनजानी एयरस्ट्राइक के खौफ में वह लगातार सीजफायर का उल्लंघन कर सीमा पर गोलीबारी किए जा रहा है। भारतीय सैना और सुरक्षाबल अपने हिसाब से उसे मुंहतोड़ जवाब भी दे रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी सेना को कार्रवाई की खुली छूट दे दी है, ऐसे में पाकिस्तान घबराहट में है। अंततः युद्ध किसी मसले का अनंतिम समाधान नहीं हो सकता। हो सकता है कि कुछ समय के लिए कोई हल निकल भी आए, लेकिन वह स्थाई होगा यह नहीं कहा जा सकता है। इसलिए पहलगाम के पीड़ितों को न्याय दिलाने की पहल होनी चाहिए, जिसके लिए भौगोलिक सीमाओं का बंधन कोई मायने नहीं रखता है।

# संक्षिप्त समाचार

## गुरुग्राम में झुग्गियों में लगी आग, करीब 40 झुग्गी जलकर खाक

गुरुग्राम (आरएनएस)। गुरुग्राम के सेक्टर 102 में झुग्गियों में आग लग गई। इस हादसे में कई झुग्गियां जलकर खाक हो गईं। मौके पर अग्निशमन विभाग के अधिकारी आग बुझाने में जुटे हुए हैं। इस आग की जद में आकर 40 झुग्गियां जलकर खाक हो गईं। इसके अलावा, कई कबाड़ भी जल गए। हालांकि, किसी जनहानि की सूचना नहीं है। फायर ऑफिसर नरेंद्र यादव ने इस हादसे के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि हमें बुधवार तड़के 3:30 बजे भीम नगर फायर स्टेशन में यह सूचना दी गई थी कि सेक्टर 102 की झुग्गियों में आग लग गई। हमें जैसे ही इस बारे में सूचना मिली, तो हमने बिना समय गंवाए कई गाड़ियों को मौके पर भेजा। इसके बाद हमने गुरुग्राम के सभी फायर स्टेशनों से गाड़ियों को घटनास्थल पर भेजा।उन्होंने कहा कि इस आग में 40 झुग्गियां जलकर खाक हो गईं। अभी मौके पर 10 गाड़ियां आग बुझाने में जुटी हुई हैं। हमने काफी हद तक हालात को सामान्य कर दिया है। हमने करीब 100 झुग्गियों को बचा भी लिया। मौके पर हमारे कई कर्मचारी और पुलिस अधिकारी मौजूद हैं। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, अब तक आग लगने के कारण के बारे में पुख्ता जानकारी नहीं मिली है, लेकिन बताया जा रहा है कि चाय बनाने के दौरान झुग्गियों में आग लग गई। आग लगने की वजह से झुग्गियों में रखे सिलेंडरों में भी ब्लास्ट हो गया। इसके बाद लोग दहशत में आ गए और अपनी जान बचाने के लिए भागने लगे। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से आग बुझाने के लिए सुरक्षा उपकरणों को बढ़ाए जाने की मांग की है। अभी तक आग लगने से होने वाले नुकसान के बारे में कोई पुख्ता जानकारी नहीं मिली है। हालांकि, प्रशासन ने स्थानीय लोगों को हर संभव सहायता देने का आश्वासन दिया है।

## कोटा में कपड़ों की दुकानों में भीषण आग , शॉर्ट सर्किट से लगी आग, लाखों का नुकसान

कोटा(आरएनएस)। शहर के किशोरपुरा इलाके में बीती रात भीषण आग की घटना सामने आई। देर रात करीब दो बजे कपड़ों की एक दुकान में अचानक आग लग गई, जो तेजी से फैलते हुए आसपास की दुकानों और पास के मकानों तक पहुंच गई। घटना से इलाके में अफरा-तफरी मच गई।स्थानीय लोगों ने तुरंत नगर निगम के अग्निशमन विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही निगम की कुल छह दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंचीं, जिनमें से दो-दो दमकलें सब्जी मंडी, श्रीनाथपुरम स्टेशन और भामाशाह मंडी से भेजी गईं। दमकलकर्मियों ने दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।निगम के चीफ फायर ऑफिसर राकेश व्यास के अनुसार, आग की शुरुआत एक कपड़े की दुकान से हुई, जो पूर्व पार्षद की बताई जा रही है। दुकान के पास ही कपड़ों का बड़ा गोदाम भी था, जिससे आग ने और भयावह रूप ले लिया। आग इतनी तेजी से फैली कि उसने आसपास के मकानों को भी चपेट में ले लिया। फिलहाल आग लगने के सही कारणों की जांच की जा रही है, लेकिन प्रारंभिक तौर पर शॉर्ट सर्किट को इसकी वजह माना जा रहा है। इस घटना में लाखों रुपए के कपड़े जलकर खाक हो गए हैं। राहत की बात यह रही कि समय रहते आग पर काबू पा लिया गया, जिससे और बड़ा नुकसान टल गया। अधिकारियों का कहना है कि दुकान और गोदाम में आग से हुआ नुकसान का आंकलन किया जा रहा है। वहीं, क्षेत्रीय पुलिस भी घटना की जांच में जुटी हुई है।

## रायबरेली में सड़क हादसे में दो लोगों की मौत, एक घायल

रायबरेली(आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के रायबरेली स्थित जगतपुर थाना क्षेत्र के जिगना इलाके में बुधवार को एक बड़ा सड़क हादसा हुआ। दो कारों की आमने-सामने की टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई है, जबकि एक घायल है। घायल को अस्पताल में भर्ती करवाकर इलाज कराया जा रहा है। क्षेत्राधिकारी अरुण कुमार ने बताया कि रायबरेली के जगतपुर थाना क्षेत्र के जिगना इलाके में दो गाड़ियों में आमने-सामने की टक्कर हो गई, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई है। दो लोग प्रयागराज के और एक आगरा के रहने वाले हैं। इसमें एक महिला कांस्टेबल घायल हैं। सभी प्रयागराज से आ रहे थे, तभी यह हादसा हो गया, जिसमें दो लोगों ने दम तोड़ दिया है, जबकि महिला कांस्टेबल घायल हैं। उन्हें इलाज के लिए उच्च अस्पताल में भेजा गया है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। दूसरी गाड़ी के बारे में पता कराया जा रहा है। आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। स्थानीय लोगों ने बताया कि जिगना के पास दो गाड़ियों में जोरदार टक्कर हुई। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि एक महिला गंभीर रूप से घायल हुई। उसे जिला अस्पताल से उच्च स्तरीय इलाज के लिए भेजा गया है। घटना लखनऊ प्रयागराज नेशनल हाईवे के पास की है। दोनों कारों की आमने-सामने टक्कर हुई है। घायल महिला पुलिस कांस्टेबल पद पर हैं। हाईवे पर बुधवार को अज्ञात वाहन की टक्कर से यह घटना हुई। यह लोग लखनऊ जा रहे थे। जिगना गांव के पास अज्ञात वाहन से टक्कर हो गई। सभी को घायल अवस्था में सीएससी जगतपुर पहुंचाया गया, जहां पर दो लोगों को मृत घोषित कर दिया गया। जगतपुर पुलिस का कहना है कि हादसे की जांच कराई जा रही है। शवों का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## विरुधुनगर के पटाखा गोदाम में भीषण विस्फोट, लाखों का नुकसान

विरुधुनगर ,(आरएनएस)। तमिलनाडु के विरुधुनगर जिले में सत्तूर के नजदीक मुथंडियापुरम गांव में एक पटाखा गोदाम में भीषण विस्फोट हुआ। अवैध रूप से संचालित फैक्ट्री में जनहानि की खबर नहीं है। घटना सुबह के समय हुई, जब गोदाम में कोई मौजूद नहीं था। धमाके की आवाज सुनकर आसपास के लोग दहशत में आ गए। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीमें मौके पर पहुंचीं और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। प्रारंभिक जांच में अनुमान लगाया जा रहा है कि विस्फोट का कारण शॉर्ट सर्किट हो सकता है। इस हादसे में करीब 50 लाख रुपये मूल्य के पटाखों का नुकसान हुआ। पुलिस जांच में सामने आया कि गोदाम बिना वैध परमिट के चल रहा था। रघुनाथन की करिसलपट्टी स्थित पटाखा फैक्ट्री का लाइसेंस हाल ही में नियमों के उल्लंघन के कारण अस्थायी रूप से रद्द किया गया था। इसके बावजूद गोदाम में बड़ी मात्रा में पटाखे रखे गए थे, जो नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है। पुलिस ने गोदाम मालिक रघुनाथन के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, गोदाम के आसपास पहले भी असुरक्षित गतिविधियां देखी गई थीं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस घटना ने क्षेत्र में अवैध पटाखा भंडारण और सुरक्षा मानकों की अनदेखी का मुद्दा फिर से उठा दिया है। वहीं, दमकल विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि गोदाम में सुरक्षा उपायों का अभाव था, जिसके कारण आग तेजी से फैली।

# जाति जनगणना पर बोले राहुल गांधी, सरकार को पूरा सपोर्ट



नई दिल्ली (ए.)। लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने जाति जनगणना के लिए पूरा समर्थन जताया। उन्होंने जनगणना की रूपरेखा तैयार करने और उसे लागू करने में सरकार की मदद करने के लिए कांग्रेस के समर्थन की भी पेशकश की। राहुल गांधी ने प्रेस वार्ता में कहा कि हमने संसद में कहा था कि हम जाति जनगणना करवाएंगे। हमने यह भी कहा था कि हम 50 प्रतिशत की सीमा को खत्म करेंगे, जो कृत्रिम दीवार है, उसे खत्म करेंगे। नरेंद्र मोदी कहते थे कि सिर्फ़ 4 मामले हैं। पता नहीं क्या हुआ लेकिन अचानक 11 साल बाद जाति जनगणना की घोषणा कर दी गई। कांग्रेस नेता ने कहा कि हम इसका पूरा समर्थन करते हैं लेकिन हम एक समयसीमा चाहते हैं। हम जानना चाहते हैं कि यह कब तक होगा। यह पहला कदम है। तेलंगाना जाति जनगणना में एक मॉडल बन गया है और यह एक खाका बन सकता है। हम जाति जनगणना की रूपरेखा तैयार करने में सरकार को अपना समर्थन देते हैं... दो उदाहरण हैं – बिहार और तेलंगाना और दोनों में बहुत अंतर है। उन्होंने आगे कहा कि मैं फिर से कहना चाहूँगा कि जाति जनगणना पहला कदम है। हमारा सपना जाति जनगणना के ज़रिए विकास की नई मिसाल कायम करना है।

उन्होंने कहा कि सिर्फ़ आरक्षण ही नहीं, बल्कि हम केंद्रीय सवाल भी पूछ रहे हैं – चाहे वो ओबीसी हो, दलित हो, आदिवासी हो, इस देश में उनकी भागीदारी क्या है? जाति जनगणना से पता चल जाएगा, लेकिन हमें जाति जनगणना से आगे बढ़ना होगा...हमने एक और बात कही थी, कांग्रेस ने एक और बात उठाई थी, घोषणापत्र में भी इसका जिक्र था --- अनुच्छेद 15(5) – निजी शिक्षण संस्थानों में आरक्षण। यह पहले से ही एक कानून है। हम चाहते हैं कि एनडीए–बीजेपी सरकार इसे लागू करना शुरू करे।

वहीं, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने लगातार जातिगत जनगणना की माँग उठाई थी, जिसके सबसे मुखर पक्षधर राहुल गांधी रहे। आज मोदी सरकार ने Census के साथ जातिगत जनगणना कराने की घोषणा की है। ये सही कदम है जिसकी हम पहले दिन से माँग कर रहे थे। मैंने कई बार इसे संसद में उठाया और प्रधानमंत्री जी को पत्र भी लिखा। INDIA गठबंधन के नेताओं ने भी कई बार जातिगत जनगणना की माँग की है और लोकसभा चुनाव में ये अहम मुद्दा बना। बार–बार प्रधानमंत्री मोदी जी सामाजिक न्याय की इस नीति को लागू करने से बचते रहे और विपक्ष पर समाज को बांटने का झूठा आरोप लगाते रहे। उन्होंने कहा कि जातिगत जनगणना के अभाव में, सार्थक सामाजिक न्याय और सशक्तिकरण कार्यक्रमों का क्रियान्वयन अधूरा है, इसीलिए ये सभी वर्गों के लिए ज़रूरी है।



कांग्रेस नेता और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कानपुर में शहीद शुभम द्विवेदी के परिवार से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी.

## उच्च न्यायालय के स्थानांतरण से जुड़े मतभेद के चलते हिमंत का बार निकाय से इस्तीफा

दिसपुर (ए.)। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने उच्च न्यायालय के मौजूदा परिसर को नये स्थान पर स्थानांतरित करने से जुड़े मतभेद के चलते बुधवार को गौहाटी हाई कोर्ट बार एसोसिएशन (जीएचसीबीए) से इस्तीफा दे दिया। शर्मा वर्ष 2001 के विधानसभा चुनाव में विधायक चुने जाने से पहले पेशेवर अधिवक्ता थे। शर्मा ने कहा कि उन्होंने 'हितों के टकराव' के कारण बार निकाय के अध्यक्ष को अपना त्यागपत्र भेज दिया है। जीएचसीबीए शहर के मध्य में स्थित उच्च न्यायालय परिसर को मौजूदा स्थान से ब्रह्मपुत्र के उत्तरी तट पर रंगमहल स्थानांतरित किये जाने का विरोध कर रहा है। इसने दावा किया है कि न्यायालय परिसर को स्थानांतरित करने का निर्णय एकतरफा था और पर्याप्त बुनियादी ढांचा से रहित दूरदराज के क्षेत्र में स्थानांतरण कानूनी कार्यवाही को बाधित करेगा और वादियों तथा कानून से जुड़े पेशेवर लोगों पर प्रतिकूल प्रभाव डालेगा।

## गुमशुदा युवती की हत्या कर शव कुएं में फेंकने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार




मथुरा (आरएनएस)। बरसाना थाना क्षेत्र में हुई एक सनसनीखेज हत्या के मामले में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। गुमशुदा युवती की हत्या कर शव कुएं में फेंकने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी विनोद पुत्र विक्रम निवासी सियाना थाना छाता, जनपद मथुरा को कामा बॉर्डर क्षेत्र से दबोचा गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मथुरा के निर्देशन में वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत बरसाना पुलिस ने यह कार्रवाई की। आरोपी के खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय में पेश किया गया। 24 अप्रैल 2025 को वीरेन्द्र निवासी ग्राम अधुआ, थाना मांट ने अपनी पुत्री की गुमशुदगी की रिपोर्ट थाना बरसाना में दर्ज कराई थी। युवती अपने ससुराल ग्राम ब्रिजवारी, थाना बरसाना से बिना बताए कहीं चली गई थी। मामले की जांच उप निरीक्षक राहुल को सौंपी गई थी और परिजनों द्वारा भी उसकी तलाश की जा रही थी।27 अप्रैल को थाना जैत क्षेत्र के अंतर्गत चौमुहा गांव में विजय पुत्र अमरचंद के खेत में बने एक कुएं से एक महिला का शव बरामद हुआ, जिसकी पहचान गुमशुदा युवती के रूप में उसके परिजनों द्वारा की गई।

पुलिस द्वारा की गई जांच में मोबाइल सीडीआर और सीसीटीवी फुटेज की मदद से यह सामने आया कि युवती आखिरी बार विनोद नामक युवक के साथ देखी गई थी। दोनों के बीच प्रेम संबंध था और युवती करीब तीन माह की गर्भवती थी। वह विनोद के साथ रहना चाहती थी, लेकिन विनोद पहले से शादीशुदा था और उसे स्वीकार करने को तैयार नहीं था। इसी कारण से 24 अप्रैल को विनोद युवती को अपने साथ चौमुहा ले गया और खेत में बने कुएं के पास उसकी गला दबाकर हत्या कर दी। इसके बाद शव को कुएं में फेंक कर फरार हो गया। बरसाना पुलिस की तत्परता से इस जघन्य अपराध का खुलासा हुआ और आरोपी को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया गया।

## देश की भावनाओं को समझकर राष्ट्र की सुरक्षा के लिए सही कदम उठाएं प्रधानमंत्री : खरगे



नई दिल्ली (ए.)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पहलगाम आतंकी हमले के मद्देनजर बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से देश की भावनाओं को समझकर मौजूदा स्थिति में किसी भी कार्रवाई के लिए राजनीतिक दलों द्वारा उन्हें दिए गए अधिकार का उपयोग करते हुए देश की सुरक्षा के लिए जल्द से जल्द सही कदम उठाने का आग्रह किया। कांग्रेस प्रमुख ने सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री को निशाना बनाकर पार्टी के 'गायब' पोस्ट पर उठे विवाद के बीच आतंकवादी हमले पर चर्चा करने और सामूहिक संकल्प प्रदर्शित करने के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाने की अपनी मांग दोहराते हुए कहा कि किसी की गरिमा या छवि को कोई नुकसान पहुंचाने का कोई प्रयास नहीं किया जाना चाहिए। खरगे ने संसद के विशेष सत्र की मांग पर पूछे गए सवाल पर कहा, सभी दलों को एक साथ होना चाहिए। सत्र बुलाया जाना चाहिए और प्रधानमंत्री को उसमें उपस्थित होना चाहिए।

## हरियाणा को एक बूंद भी अतिरिक्त पानी नहीं मिलेगा - सीएम भगवंत मान

चंडीगढ़ (आरएनएस)। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने केंद्र सरकार पर पानी को लेकर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा है कि वह भाखड़ा ब्यास मैनेजमेंट बोर्ड (बीबीएमबी) के माध्यम से पंजाब पर दबाव बना रही है, ताकि हरियाणा को अतिरिक्त पानी दिया जाए। मुख्यमंत्री ने इस कदम को केंद्र सरकार की एक और गंदी चाल करार देते हुए स्पष्ट किया कि पंजाब अपने हिस्से से एक बूंद भी अतिरिक्त पानी हरियाणा को नहीं देगा। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, भाजपा की केंद्र सरकार की तरफ से पंजाब के पानी को लेकर एक और गंदी चाल चली जा रही है, हम इसे किसी भी कीमत पर सफल नहीं होने देंगे। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने मंगलवार को जारी एक बयान में कहा कि हर साल 21 मई से लेकर अगले वर्ष 21 मई तक का पानी वितरण का कोटा निर्धारित होता है। इस अवधि में पंजाब और हरियाणा को उनके हिस्से के अनुसार पानी दिया जाता है।

उन्होंने दावा किया कि हरियाणा अपने हिस्से का सारा पानी मार्च महीने में ही इस्तेमाल कर चुका है, जबकि अब अप्रैल और मई के लिए अतिरिक्त पानी की मांग की जा रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा, हरियाणा ने मार्च में ही अपने हिस्से का पूरा पानी खर्च कर दिया है। अब वह अप्रैल और मई के लिए अतिरिक्त पानी की मांग कर रहा है, जो किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जाएगा। पंजाब अपने हिस्से का पानी ही उपयोग करेगा और हरियाणा को एक बूंद भी फालतू पानी नहीं दिया जाएगा।

## महिला ने मोबाइल फोन को लेकर हुए विवाद के बाद 11वीं मजिल से कूद कर दी जान

ठाणे (ए.)। महाराष्ट्र के ठाणे जिले में 20 वर्षीय एक महिला ने मोबाइल फोन के अत्यधिक उपयोग को लेकर हुए विवाद के बाद 11वीं मंजिल से कूद कर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी. समीक्षा नारायण वड्डी ने यह कदम सोमवार आधी रात के आसपास उठाया। मानपाड़ा पुलिस के अनुसार, युवती उस रात अपने मोबाइल फोन पर लगातार बात कर रही थी। उसके चाचा, जो मामले में शिकायतकर्ता भी हैं, ने उसे ऐसा करने से मना किया और उसका फोन ले लिया। एक अधिकारी ने बताया कि उसके बाद समीक्षा फ्लैट के हॉल में गई और गैलरी से नीचे कूद गई। उसे अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। अधिकारी ने बतााया, फिलहाल, इस मामले में दुर्घटनावश मौत का मामला दर्ज किया गया है। घटना के सही क्रम और आत्महत्या की संभावित वजहों का पता लगाने के लिए सभी पहलुओं से जांच की जा रही है।

## एफआईआर कर दूंगी... खेसारी संग जुड़ा नाम, फेक न्यूज पर भड़कीं रानी चटर्जी, पहले भी दे चुकी हैं धमकी

मुंबई (आरएनएस)। भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री की मशहूर अभिनेत्री रानी चटर्जी ने अपनी खिलाफ चली एक न्यूज को 'फेक' बताते हुए कानूनी एक्शन लेने की धमकी दी है। ये पहली बार नहीं है जब भोजपुरी स्टार ने धमकी से काम लिया हो वो पहले भी ऐसा कर चुकी हैं। कभी सुसाइड की तो कभी लात मारने की धमकी दे चुकी हैं। एक न्यूज का हवाला देते हुए रानी चटर्जी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक पर पोस्ट शेयर कर चैनल को खूब खरी खोटी सुनाई। रानी ने लिखा, दोबारा ऐसी फालतू न्यूज चलाई तो आपके चैनल पर एफआईआर कर दूंगी। कोई सबूत है आपके पास कि रानी, खेसारी के साथ काम करने को तरसती है या मैंने उन्हें डिमोटिवेट किया है। खेसारी जी तो कुछ भी बोल देते हैं, उन्हें बस दूसरों को नीचा दिखाकर खुद को बड़ा दिखाना होता है। शेयर किए गए न्यूज में लिखा था, खेसारी के साथ काम करने से रानी ने मना कर दिया था, अब उनके साथ काम करने को तरसती हैं। न्यूज चैनल को समझाते हुए रानी ने आगे लिखा, खेसारी लाल जब हीरो भी नहीं बने थे, उसके कई साल पहले से काम कर रही हूं। वो 'नागिन' में केवल इसलिए नजर आए थे क्योंकि मैंने कोई ऑब्जेक्शन नहीं किया था, बल्कि मैंने उनका सपोर्ट ही किया था। मैं कभी रिएक्ट नहीं करती हूं, मगर अब ज्यादा हो रहा है।

## फड़णवीस की बेटी ने 10वीं की परीक्षा में 92.6 प्रतिशत अंक हासिल किए



ठाणे (ए.)। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस की पत्नी अमृता फडणवीस ने बताया कि उनकी बेटी दिविजा ने 10वीं कक्षा की परीक्षा में 92.6 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। अमृता ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''हम बहुत खुश हैं। हमारी बेटी दिविजा ने दसवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा में 92.60 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। काउंसिल फॉर इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन' (सीआईएससीई) के मुख्य कार्यकारी जोसेफ इमैनुएल ने बुधवार को बताया कि इस बोर्ड के 10वीं और 12वीं के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। दोनों परीक्षाओं में लड़कियों ने फिर से लड़कों को पछाड़ दिया।

## मोदी सरकार का बड़ा ऐलान- पूरे देश में होगी जाति जनगणना, कैबिनेट बैठक में लिए गए कई बड़े फैसले



नई दिल्ली (आरएनएस)। बिहार विधानसभा चुनावों के पहले सरकार ने राजनीतिक महत्व का एक बड़ा कदम उठाते हुए देश में आम जनगणना में जातियों की गणना कराने का फैसला किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को यहां हुई केन्द्रीय मंत्रिमंडल की राजनीतिक मामलों की समिति की बैठक में यह फैसला लिया गया। रेल, सूचना प्रसारण, इलैक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कैबिनेट के फैसलों की जानकारी दी। उन्होंने कहा, राजनीतिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने आज फैसला किया है कि जाति गणना को आगामी जनगणना में शामिल किया जाना चाहिए। वैष्णव ने कहा, कांग्रेस की सरकारों ने आज तक जाति जनगणना का विरोध किया है। आजादी के बाद की सभी जनगणनाओं में जातियों की गणना नहीं की गयी। वर्ष 2010 में, तत्कालीन प्रधानमंत्री दिवंगत डॉ. मनमोहन सिंह ने लोकसभा में आश्वासन दिया था कि जाति जनगणना पर केबिनेट में विचार किया जाएगा। तत्पश्चात एक मंत्रिमण्डल समूह का भी गठन किया गया था जिसमें अधिकांश राजनीतिक दलों ने जाति आधारित जनगणना की संस्तुति की थी। इसके बावजूद कांग्रेस की सरकार ने जाति जनगणना के बजाए, एक सर्वे कराना ही उचित समझा जिसे एसईसीसी के नाम से जाना जाता है। इस सब के बावजूद कांग्रेस और इंडी गठबंधन के दलों ने जाति जनगणना के विषय को केवल अपने राजनीतिक लाभ के लिए उपयोग किया। सूचना प्रसारण मंत्री ने कहा कि जनगणना का विषय संविधान के अनुच्छेद 246 की केंद्रीय सूची की क्रम संख्या 69 पर अंकित है और यह केंद्र का विषय है।





रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने नई दिल्ली में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से मुलाकात की।

## जनता दर्शन में सीएम योगी बोले- कब्जामुक्त कराएं जमीन, दबंगों को दिखाएं सबक



गोरखपुर (आरएनएस)। 'चिंता मत करिए। आपकी समस्या का समाधान कराएंगे और यहां से वापस घर जाने का किराया भी देंगे।' संवेदना के पुट में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिले इस आत्मीय संबल ने जमीनी विवाद की समस्या लेकर जनता दर्शन में आई महिला कृतज्ञता के भाव में करबद्ध हो गई।हुआ यूं कि गोरखपुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार सुबह गोरखनाथ मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुन रहे थे। इसी दौरान एक महिला ने जमीनी विवाद से जुड़ी समस्या मुख्यमंत्री को बताई। इस पर सीएम योगी ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही का निर्देश देते हुए महिला को भरोसा दिया कि उनके साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। मुख्यमंत्री का यह आश्वासन सुनते ही महिला ने भारी मन से एक और पीड़ा बता दी। कहा कि घर वापस जाने के लिए किराया नहीं है। महिला की यह बात सुन सीएम योगी ने कहा, परेशान मत होइए, घर जाने का किराया भी मिल जाएगा। इतना कहते ही उन्होंने मंदिर प्रबंधन से जुड़े लोगों से महिला को किराए की रकम देने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री के इस भावपूर्ण व्यवहार पर महिला करबद्ध होकर कृतज्ञता जताने लगी। बुधवार को आयोजित जनता दर्शन में सीएम योगी ने करीब 200 लोगों की समस्याएं सुनीं और सभी समस्याओं के त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए अफसरों को निर्देशित किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गरीबों की जमीन पर यदि किसी ने कब्जा किया है तो तत्काल जमीन को कब्जा मुक्त कराने के साथ दबंगों को सबक सिखाया जाए।

# केसरी चैप्टर 2 बॉक्स ऑफिस कलेक्शन डे 11: मेकर्स ने मनाया 100 करोड़ का जश्न, सौ रुपये से भी कम में देखें अक्षय कुमार की फिल्म



1919 में हुए जलियावांला हत्याकांड का केस लड़ने वाले बहादुर वकील सी शंकरन नायर के किरदार पर आधारित केसरी चैप्टर 2 लोगों के दिलों पर राज करने के साथ ही बॉक्स ऑफिस पर भी गदर मचा रही है. फिल्म 10 दिनों में ही 100 करोड़ कमाकर अक्षय कुमार की इस साल की दूसरी सौ करोड़ी फिल्म बन गई है. इससे पहले उनकी स्काई फोर्स ने भी ये कारनामा किया है. वहीं अब 11 वें दिन फिल्म का आंकड़ा दुनियाभर में 100 करोड़ रुपये से भी ज्यादा हो गया है. इसी खुशी में मेकर्स ने टिकट ने दाम भी घटा दिए हैं.डे वाइज बात करें तो फिल्म ने 9वें दिन लगभग 76 प्रतिशत की ग्रोथ के साथ 7.15 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था. जिसके साथ ही इसकी नौ दिन की वर्ल्डवाइड कमाई 93.50 करोड़ हो गई थी. वहीं 10 वें दिन फिल्म ने 8.1 करोड़ का कलेक्शन किया. जिसके बाद इसने दुनियाभर में 100 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया. अब 11 वें दिन शुरुआती अनुमानी के अनुसार अब तक फिल्म की घरेलू कमाई 3 करोड़ रुपये हुई इसके साथ ही इसका टोटल घरेलू कलेक्शन 68.40 करोड़ रुपये हो गया है. यानि फिल्म भारत में भी जल्द ही 100 करोड़ का आंकड़ा पार करेगी.मेकर्स ने ऑफिशियली यह आंकड़ा शेयर करते हुए लिखा, सत्य यात्रा करता है और उसने पूरी दुनिया को जीत लिया है. वहीं सैकनिल्क के मुताबिक 11वें दिन फिल्म ने दुनियाभर में 105 करोड़ का कलेक्शन कर लिया है.अक्षय कुमार की फिल्म ने दुनियाभर में 100 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार किया तो इसी खुशी में मेकर्स ने फिल्म के दाम घटा दिए. मेकर्स ने ऑफिशियली अनाउंस करते हुए बताया कि केसरी चैप्टर 2 के टिकट के दाम 99 रुपये कर दिए गए हैं. हालांकि ये ऑफर सिर्फ आज यानि 29 अप्रैल के लिए है. धर्मा प्रोडक्शन ने पोस्टर शेयर करते हुए अनाउंस किया।

**देखने लायक फैसला - केवल 99 से शुरू**

कैसरी चैप्टर 2 में अक्षय कुमार ने सी शंकरन नायर की भूमिका निभाई है. उनके साथ इसमें आर माधवन और अनन्या पांडे भी दमदार रोल में हैं. धर्मा प्रोडक्शंस की यह फिल्म रघु पलात और पुष्पा पलात की पुस्तक द केस दैट शुक द एम्पायर पर आधारित है, जो जलियांवाला बाग हत्याकांड के पीछे की सच्चाई के लिए लड़ने वाले वकील सी. शंकरन नायर के किरदार पर लिखी गई है. इसे करण सिंह त्यागी ने निर्देशित किया है वहीं लियो मीडिया कलेक्टिव और केप ऑफ गुड फिल्म्स ने इसे प्रोड्यूस किया है।

## बेलमकोंडा श्रीनिवास और अनुपमा परमेश्वरन की फिल्म किष्किन्धापुरी से पहली झलक जारी



बेलमकोंडा श्रीनिवास अपनी आगामी फिल्म किष्किंधापुरी के साथ फिल्म प्रेमियों का मनोरंजन करने आ रहे हैं। इस फिल्म का निर्देशन चावु कबुरू चालगा के प्रसिद्ध कौशिक पेगलपति ने किया है। फिल्म तेजी से आगे बढ़ रही है और आज निर्माताओं ने पहली झलक जारी की। इस झलक ने काफी दिलचस्पी पैदा की, जिसमें मुख्य जोड़ी और अन्य अभिनेता एक सुनसान और परित्यक्त घर सुवर्णमाया में प्रवेश करते हुए दिखाई दे रहे हैं।उन्हें एक रेडियो मिलता है और अजीबोगरीब घटनाओं का अनुभव होता है। हालाँकि पहली झलक में बहुत कुछ नहीं दिखा, लेकिन यह उत्सुकता के स्तर को बढ़ाने में कामयाब रही। सैम सीएस ने बैकग्राउंड म्यूजिक के साथ उत्सुकता बढ़ा दी।फिल्म में अनुपमा परमेश्वरन मुख्य भूमिका में हैं। संगीत चैतन भारद्वाज ने तैयार किया है और फिल्म का निर्माण प्रतिष्ठित शाइन स्क्रीन बैनर के तहत साहू गरपति ने किया है। बेल्लमकोंडा श्रीनिवास, जिनकी पिछली फिल्में बॉक्स ऑफिस पर असफल रहीं, अब बॉक्स ऑफिस पर अपनी गिरती किस्मत को पुनर्जीवित करने के लिए इस फिल्म से अपनी सारी उम्मीदें लगा रहे हैं।

## अवनीत कौर ने बिखेरा हुस्न का जलवा, इंस्टाग्राम पर शेयर की ग्लैमरस तस्वीरें



टीवी से लेकर फिल्मों तक अपनी अदाओं का जादू बिखेरने वाली अवनीत कौर ने एक बार फिर सोशल मीडिया का तापमान बढ़ा दिया है. एक्ट्रेस ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कुछ लेटेस्ट तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें उनका हॉट और स्टाइलिश लुक फैंस को दीवाना बना रहा है. इन तस्वीरों में अवनीत ने पिंक ऑफ-शोल्डर टॉप और डेनिम जीन्स पहनी हुई है. उनका कॉन्फिडेंट पोज, सिंपल मेकअप और स्टाइलिश एक्सेसरीज लुक को और भी ग्लैमरस बना रहे हैं. कैप्शन में अवनीत ने लिखा, गर्मी के दिन सपने देखना और बताया कि उन्होंने यह लुक लीक्लोथिंगकंपनी से लिया है.फैंस ने कमेंट सेक्शन में दिल और फायर इमोजी की बरसात कर दी है. कोई उन्हें 'ड्रीम गर्ल' कह रहा है तो कोई 'एंजेलिक' लुक की तारीफ कर रहा है. महज 1 घंटे में तस्वीरों को 94 हजार से ज्यादा लाइक्स मिल चुके हैं, जो बताता है कि अवनीत की फैन फॉलोइंग कितनी जबरदस्त है।


बता दें कि अवनीत कौर इन दिनों अपने फैशन सेंस और सोशल मीडिया पोस्ट्स को लेकर लगातार चर्चा में बनी रहती हैं. वे जल्द ही अपनी अगली फिल्म को लेकर भी कोई बड़ा ऐलान कर सकती हैं।

## अजय देवगन की बेटी न्यासा देवगन जल्द करेंगी बॉलीवुड में डेब्यू? मनीष मल्होत्रा ने दिए संकेत



अजय देवगन और काजोल की बेटी न्यासा देवगन अक्सर किसी न किसी कारण चर्चा में रहती हैं। बॉलीवुड में कदम रखने से पहले ही उन्होंने लोगों के बीच अपनी अलग पहचान बना ली है। न्यासा के प्रशंसक उन्हें जल्द ही किसी फिल्म में देखने चाहते हैं और लगता है कि फैंस की ये ख्वाहिश जल्द पूरी हो जाएगी।दरअसल, जाने-माने मनीष मल्होत्रा ने न्यासा के बॉलीवुड में डेब्यू के संकेत दिए हैं। आइए जानें उन्होंने क्या कहा।मनीष मल्होत्रा ने हाल ही में अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर न्यासा की कुछ तस्वीरें साझा की हैं, जिसमें वह गुलाबी और गोल्डन रंग का लहंगा पहने नजर आ रही हैं। न्यासा के इस लहंगे को खुद मनीष ने डिजाइन किया है।मनीष ने इसके कैप्शन में लिखा, न्यासा सिनेमा आपका इंतजार कर रहा है। इसके बाद उन्होंने लहंगे से जुड़ी जानकारी अपने प्रशंसकों के साथ साझा की। न्यासा की ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही है।

## जॉन अब्राहम की द डिप्लोमैट अपनी ओटीटी रिलीज को तैयार, 9 मई को नेटफ्लिक्स पर दस्तक देगी फिल्म



जॉन अब्राहम की फिल्म द डिप्लोमैट को होली के दिन यानी 14 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था। फिल्म से निर्माताओं के साथ-साथ दर्शकों को काफी उम्मीदें थीं, लेकिन यह बॉक्स ऑफिस पर मुंह के बल गिरी।अब द डिप्लोमैट अपनी ओटीटी रिलीज के लिए तैयार है। जो दर्शक इस फिल्म को सिनेमाघरों में नहीं देख पाए, वह अब इसे ओटीटी पर देख सकते हैं।आइए जानें आप यह फिल्म ओटीटी पर कहां और कब देख सकते हैं। द डिप्लोमैट का प्रीमियर 9 मई, 2025 से ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर होने जा रहा है। सैकनिल्क के मुताबिक, इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 35.9 करोड़ रुपये का कारोबार किया था, वहीं फिल्म का बजट 20 करोड़ रुपये था। द डिप्लोमैट का निर्देशन शिवम नायर ने किया है। जॉन ने फिल्म का नाम भूषण कुमार के साथ किया है। इस फिल्म में सादिया खतीब, कुमुद मिश्रा और शारिब हाशमी जैसे कलाकारों ने भी अभिनय किया है। द डिप्लोमैट की कहानी भारतीय डिप्लोमैट जेपी सिंह के जीवन से प्रेरित है, जिनका किरदार जॉन ने निभाया है। दरअसल, दिल्ली की रहने वाली उज्मा अहमद की दोस्ती ऑनलाइन पाकिस्तानी शख्स से होती है, जिसके बाद वो उससे मिलने पाकिस्तान चली जाती है। वहां वो शख्स उज्मा से जबरदस्ती शादी कर उसे कैद रखता है। तब जेपी सिंह से उसकी मुलाकात होती है, जो उसे पाकिस्तान से भारत वापस लाने के लिए अपनी जी-जान लगा देते हैं।

## बॉक्स ऑफिस पर इमरान हाशमी की फिल्म ग्राउंड जीरो की हालत पस्त, लाखों में सिमटी दैनिक कमाई



सिनेमाघरों में इन दिनों कई फिल्में लगी हुई हैं, जो दर्शकों का खूब मनोरंजन कर रही हैं। 25 अप्रैल को रिलीज हुई इमरान हाशमी की फिल्म ग्राउंड जीरो को लेकर लोगों के बीच जबरदस्त उत्साह था, लेकिन पर्दे पर आते ही पूरा माहौल ठंडा हो गया।इस फिल्म की बॉक्स ऑफिस पर शुरुआत धीमी रही, लेकिन वीकेंड पर फिल्म ने ठीक-ठाक कमाई की।अब रिलीज के चौथे दिन ग्राउंड जीरो का कारोबार लाखों में सिमट चुका है।बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, ग्राउंड जीरो ने रिलीज के चौथे दिन यानी पहले सोमवार को 70 लाख रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 5.90 करोड़ रुपये हो गया है।ग्राउंड जीरो ने 1.15 करोड़ रुपये के साथ बॉक्स ऑफिस पर बेहद खराब शुरुआत की थी, वहीं दूसरे दिन यह फिल्म 1.9 करोड़ रुपये कमाने में सफल रही।50 करोड़ रुपये की लागत में बनी इस फिल्म ने तीसरे दिन 2.15 करोड़ रुपये कमाए।ग्राउंड जीरो के निर्देशन की कमान मराठी सिनेमा के जाने-माने निर्देशक तेजस प्रभा विजय देओस्कर ने संभाली है, जिन्हें रकुल प्रीत सिंह की छत्रीवाली के लिए जाना जाता है।फरहान अख्तर के प्रोडक्शन हाउस के बैनर तले बनी यह फिल्म वास्तविक घटनाओं पर आधारित है।यह बीएसएफ अधिकारी नरेंद्र नाथ धर दुबे की कहानी के इर्द-गिर्द घूमती है, जिन्होंने 2003 में उस ऑपरेशन का नेतृत्व किया था।सई ताम्हणकर और जोया हुसैन ने भी फिल्म में अहम भूमिका निभाई है।

## कान के दर्द से राहत दिलाने में मदद कर सकता है नीलगिरी का तेल, ऐसे करें इस्तेमाल



कान में दर्द होना एक असहनीय समस्या है, जो किसी भी उम्र के व्यक्ति को हो सकती है।

इसके कई कारण हो सकते हैं, जैसे संक्रमण, ठंड लगना या कान में पानी जाना। आमतौर पर लोग इसके लिए दवाइयों का सहारा लेते हैं, लेकिन कुछ घरेलू उपाय भी हैं, जो इस दर्द को कम करने में मदद कर सकते हैं।ऐसे ही एक प्रभावी घरेलू उपाय है नीलगिरी का तेल। आइए इसके इस्तेमाल का तरीका और फायदे जानते हैं।

### नीलगिरी के तेल की गर्म सिकाई करें

नीलगिरी का तेल एक खास तेल है, जिसमें सूजन कम करने और दर्द से राहत देने वाले गुण होते हैं।

ये गुण कान के दर्द को कम करने में मदद कर सकते हैं। इसके लिए एक कपड़े में थोड़ा-सा नीलगिरी का तेल डालकर गर्म करें और फिर इसे दर्द वाले कान के आसपास की सिकाई करें।इससे दर्द में आराम मिलेगा और सूजन भी कम होगी। इस प्रक्रिया को दिन में दो बार दोहराएं।

### नीलगिरी के तेल की बूंदें कान में डालें

नीलगिरी के तेल की कुछ बूंदें कान में डालने से भी कान के दर्द में राहत मिल सकती है। इसके लिए पहले नीलगिरी के तेल को हल्का गर्म करें, फिर इसकी 2-3 बूंदें दर्द वाले कान में डालें। इससे कान के अंदरूनी हिस्से तक तेल पहुंच जाएगा और दर्द कम होगा। ध्यान रखें कि तेल बहुत ज्यादा गर्म न हो, क्योंकि इससे कान की त्वचा जल सकती है। इसे दिन में दो बार दोहराएं।

### नीलगिरी के तेल से मालिश करें

नीलगिरी का तेल सिर्फ कान के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे शरीर के लिए फायदेमंद होता है।अगर आपके कान में दर्द हो रहा है तो नीलगिरी के तेल से सिर की मालिश करें। इससे न केवल कान का दर्द कम होगा बल्कि सिर की थकान भी दूर होगी।इसके लिए नीलगिरी के तेल को हल्का गर्म करके सिर पर हल्के हाथों से मालिश करें। इससे खून का बहाव बेहतर होगा और आपको आराम मिलेगा।

### नीलगिरी की भाप लें

नीलगिरी की भाप लेने से भी कान के दर्द में राहत मिल सकती है।इसके लिए एक बर्तन में पानी उबालें और उसमें कुछ बूंदे नीलगिरी का तेल डालें। अब इस बर्तन के सामने सिर ढककर बैठ जाएं ताकि भाप पूरी तरह से आपके कान तक पहुंचे। इस प्रक्रिया को दिन में एक बार जरूर अपनाएं।

इससे न केवल आपका कान दर्द कम होगा बल्कि आपकी सांसों की भी सफाई होगी और आप तरोताजा महसूस करेंगे।

# गर्मियों के दौरान रोजाना आमरस का सेवन क्यों है फायदेमंद? जानिए 5 कारण



गर्मियों में आमरस का सेवन करना एक बेहतरीन विकल्प हो सकता है। यह न केवल स्वादिष्ट होता है, बल्कि कई पोषण गुणों से भरपूर भी है।आमरस बनाने के लिए पके आमों का उपयोग किया जाता है, जो विटामिन-सी, विटामिन-ए और फाइबर से भरे होते हैं।इस लेख में हम आपको पांच ऐसे कारण बताएंगे, जिनसे आप जानेंगे कि गर्मियों के दौरान रोजाना आमरस का सेवन क्यों फायदेमंद होता है।

### शरीर को ठंडक पहुंचाने में है मददगार

गर्मियों में अक्सर शरीर का तापमान बढ़ जाता है, जिससे असुविधा हो सकती है।

आमरस का सेवन शरीर को ठंडक पहुंचाने में मदद करता है। इसमें मौजूद पानी और प्राकृतिक मिठास इसे एक बेहतरीन पेय बनाते हैं, जो आपको ताजगी और ठंडक प्रदान करते हैं। इसके अलावा आमरस में विटामिन-सी और एंटीऑक्सीडेंट्स भी होते हैं, जो आपके शरीर को ठंडक देने के साथ-साथ तरोताजा महसूस कराते हैं।

### पाचन क्रिया के लिए है लाभदायक

आमरस में मौजूद फाइबर पाचन क्रिया को सुधारने में मदद करता है। यह कब्ज, गैस और अपच जैसी समस्याओं से राहत दिलाता है। इसके नियमित सेवन से आपका पाचन तंत्र स्वस्थ रहता है और भोजन अच्छे से पचता है। फाइबर की मात्रा अधिक होने के कारण यह आंत के स्वास्थ्य को भी बेहतर बनाता है, जिससे आप हल्का महसूस करते हैं।

इसके अलावा आमरस में मौजूद प्राकृतिक तत्व पाचन क्रिया को मजबूत बनाते हैं।

### रोग प्रतिरोधक क्षमता को मिलता है बढ़ावा

आमरस में विटामिन-सी की भरपूर मात्रा होती है, जो रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाने में सहायक होती है।यह विटामिन आपके शरीर की बीमारियों से लड़ने की ताकत को बढ़ाता है और आपको बीमारियों से बचाए रखता है।नियमित रूप से आमरस पीने से आपकी रोग प्रतिरोधक क्षमता बेहतर होती है और आप अधिक ऊर्जा महसूस करते हैं।इसके अलावा इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स भी आपकी प्रतिरोधक क्षमता को मजबूती देते हैं, जिससे आप तरोताजा महसूस करते हैं।

### दिल के लिए है सुरक्षित

आमरस का सेवन दिल की सेहत के लिए भी फायदेमंद होता है। इसमें मौजूद तत्व दिल के रोग के जोखिमों को कम करने में मदद करते हैं।इसके अलावा आमरस में पाए जाने वाले पोटेशियम और मैग्नीशियम रक्तचाप को नियंत्रित करने में सहायक होते हैं।नियमित रूप से आमरस पीने से आपका दिल तंदुरुस्त रहता है और आप अधिक ऊर्जा महसूस करते हैं।

इसके अलावा इसमें मौजूद प्राकृतिक तत्व दिल को स्वस्थ रखते हैं।

### पानी की कमी को पूरा करने में है सहायक

गर्मियों में शरीर में पानी की कमी को पूरा करना बहुत जरूरी होता है।आमरस में उच्च मात्रा में पानी मौजूद होता है, जो आपको हाइड्रेटेड रखता है और थकान दूर करता है। इसमें प्राकृतिक मिठास होने के कारण यह ऊर्जा भी प्रदान करता है।इसके अलावा इसमें मौजूद विटामिन्स और मिनरल्स आपकी त्वचा को तरोताजा बनाते हैं। इन सभी गुणों के कारण आमरस गर्मियों में एक बेहतरीन पेय बन जाता है, जिसे रोजाना पीना फायदेमंद होता है।

## कोलकाता ने रोमाचंक मुकाबले में दिल्ली को हराया, सुनील नारायण बने प्लेयर ऑफ द मैच

नई दिल्ली, (ए)। कोलकाता नाइट राइडर्स ने दिल्ली कैपिटल्स को आईपीएल 2025 के 48वें मैच में 14 रनों से हरा दिया है. इस मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स ने पहले खेलते हुए 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 209 रन बनाए. दिल्ली कैपिटल्स जीत के लिए मिले 210 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 20 ओवर में 9 विकेट खोकर सिर्फ 190 रन बना पाई और 14 रनों से मैच हार गई।

केकेआर से जीत के लिए मिले 210 रनों के लक्ष्य का पीछा करने के लिए दिल्ली की ओर से फाफ डु प्लेसिस और अभिषेक पोरेल पारी की शुरुआत करने के लिए आए. अभिषेक 4, करुण नायर 15, केएल राहुल 7, ट्रिस्टन स्टब्स और आशुतोष शर्मा 7 रन बनाकर पवेलियन लौट गए।

दिल्ली कैपिटल्स के लिए सबसे ज्यादा रन फाफ डु प्लेसिस ने बनाए. उन्होंने 45 बॉल में 7 चौके और 2 छक्कों की मदद से 62 रनों की पारी खेली. उनके अलावा कप्तान अक्षर पटेल ने भी 23 बॉल में 4 चौके और 3 छक्कों के साथ 43 रनों की तूफानी पारी खेली।

अंत में टीम के लिए विप्रज निगम ने भी 19 बॉल में 5 चौके और 2 छक्कों के साथ 38 रनों की तूफानी पारी खेली लेकिन अपनी टीम को जीत दिलाने में नाकामयाब रहे. कोलकाता के लिए सुनील नारायण ने 4 ओवर में 23 रन देकर 3 विकेट चटकाए. उनके अलावा वरुण चक्रवर्ती ने 2 विकेट हासिल किए. अनुकूल रॉय और वैभव अरोड़ा को 1-1 विकेट हासिल हुआ।


इससे पहले कोलकाता नाइट राइडर्स ने टॉस हारने के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए शानदार प्रदर्शन किया. केकेआर के लिए अंगकृष रघुवंशी ने 32 बॉल में 3 चौके और 2 छक्कों की मदद से सबसे ज्यादा 44 रनों की पारी खेली. उनके अलावा रिंकू सिंह ने 25 बॉल में 3 चौके और 1 छक्के के साथ 35 रनों का योगदान दिया. रहमानुल्लाह गुरबाज़ और अजिंक्य रहाणे ने 26-26 रनों की पारी खेली जबकि सुनील नारायण ने 27 रन बनाए. इस सभी बल्लेबाजों के योगदान के चलते केकेआर ने 209 रन बनाए।

दिल्ली कैपिटल्स की ओर से मिचेल स्टार्क ने 4 ओवर में 43 रन देकर 3 विकेट हासिल किए. उनके अलावा विप्रज निगम और कप्तान अक्षर पटेल को 2-2 विकेट हासिल हुए जबकि एक विकेट दुष्मंथा चमीरा को भी मिला. मुकेश कुमार और कुलदीप यादव दिल्ली के लिए खाली हाथ रहे।

## दुष्मंथा चमीरा बने सुपरमैन, हवा में उड़ते हुए पकड़ा हैरतअंगेज कैच

नई दिल्ली, (ए)। आईपीएल 2025 का 48 वां मुकाबला दिल्ली कैपिटल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेला जा रहा है. इस मैच में श्रीलंका के तेज गेंदबाज दुष्मंथा चमीरा जो दिल्ली कैपिटल्स की ओर से आईपीएल में खेल रहे हैं, उन्होंने सभी को हैरान कर दिया. चमीरा ने मैदान पर मौजूद सभी दर्शकों को दंग कर दिया. दरअसल, दुष्मंथा चमीरा ने दिल्ली और कोलकाता के बीच खेले जा रहे मैच में एक हैरतअंगेज कैच पकड़ा जो सोशल मीडिया पर देखते ही देखते वायरल हो गया. फैंस कमेंट कर इसे कैच ऑफ द टूर्नामेंट बता रहे हैं. चमीरा के इस कैच को जिसने भी देखा वो पूरी तरह से हैरान रह गया.बता दें कि, मिचेल स्टार्क कोलकाता नाइट राइडर्स की पारी का अंतिम ओवर डालने के लिए आए. उन्होंने इस ओवर की चौथी गेंद अनुकूल रॉय को यॉर्कर लेंथ डालने की कोशिश की लेकिन गेंद सही लाइन और लेंथ पर नहीं गिरी. इस गेंद को बाएं हाथ के बल्लेबाज रॉय ने फ्लिक कर दिया. बॉल लगभग बाउंड्री लाइन के बाहर पहुंचने ही वाली थी कि दुष्मांता चमीरा ने हवा में उड़ते हुए एक हाथ से शानदार कैच पकड़ लिया।

## बीसीसीआई बना रहा आईपीएल विस्तार का प्लान, 94 मैच खिलाने पर कर रहा विचार




नई दिल्ली,(ए)। आईपीएल के आगामी संस्करणों में विस्तार की योजना पर विचार किया जा रहा है। बीसीसीआई का प्लान था कि 2025 तक आईपीएल के मैचों की संख्या बढ़ाकर 84 की जाए, लेकिन अत्यधिक व्यस्त कार्यक्रम और प्रसारणकर्ताओं की आपत्तियों के चलते विस्तार में देरी हो गई। अब भविष्य में आईपीएल के विस्तार पर गंभीरता से विचार किया जा रहा है। बीसीसीआई के चेयरमैन अरुण धूमल ने साफ कहा कि आगामी मीडिया-राइट्स चक्र के तहत, जो 2028 से शुरू होगा, आईपीएल को होम-एंड-अवे प्रारूप में 94 मैचों के साथ आयोजित करने पर विचार कर रहे हैं।

धूमल ने कहा कि यह एक अवसर हो सकता है और हम इस बारे में आईसीसी और बीसीसीआई में चर्चा कर रहे हैं। द्विपक्षीय क्रिकेट और आईसीसी आयोजनों के संदर्भ में प्रशंसकों की रुचि किस तरह से बदल रही है, इस पर विचार किया जा रहा है। हमें खेल के हितधारकों के लिए अधिकतम मूल्य बनाने के तरीके पर गहरी सोच रखनी होगी। हम आईपीएल को बढ़ाकर 74 से 94 मैचों तक करने का प्लान तैयार कर रहे हैं, ताकि हर टीम को घर और बाहर खेलते हुए प्रत्येक अन्य टीम से मुकाबला करने का मौका मिल सके।

उन्होंने यह भी कहा कि वर्तमान में, यह विचार अल्पावधि में व्यावहारिक नहीं हो सकता क्योंकि द्विपक्षीय क्रिकेट और आईसीसी आयोजनों के संबंध में बीसीसीआई की पहले से तय विंडो है। धूमल का माना है कि भविष्य में जब क्रिकेट की परिस्थितियां बदलेंगी, तो इस विषय पर फिर से विचार किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इसके विस्तार के लिए संभावित रूप से अंतर्राष्ट्रीय कैलेंडर में दो और सप्ताह जोड़ने की जरुरत होगी। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि अल्पावधि में आईपीएल का वर्तमान स्वरूप ही सही है और इसमें किसी तरह का बदलाव अभी संभव नहीं है।

इस बारे में जब फ्रेंचाइजी अधिकारियों से पूछा गया, तो उन्होंने 94 मैचों के सीजन को प्राथमिकता दी है। उनका मानना है कि यह विस्तार आईपीएल के लिए फायदेमंद हो सकता है, लेकिन इसका निर्भरता इस बात पर होगी कि ब्रॉडकास्टर इसे कितनी प्राथमिकता देते हैं, खासकर रिलायंस और डिज्नी के विलय के बाद, जो अब जियोस्टार है। इसके अलावा, इस सीजन के दौरान टीवी और स्ट्रीमिंग दर्शकों की संख्या आम तौर पर मध्य सीजन में घट जाती है, और ब्रॉडकास्टर्स इसे थकान का कारण मानते हैं।


## हरभजन ने बाबा महाकाल के दर्शन किये



उज्जैन (ए)। भारतीय टीम के पूर्व क्रिकेटर हरभजन सिंह ने उज्जैन पहुंचकर बाबा के दर्शन किये हैं। दर्शन और पूजा अर्चना के बाद हरभजन ने मंदिर की व्यवस्थाओं की सराहना की! उन्होंने कहा कि मंदिर समिति बहुत अच्छा काम कर रही है. यहां की दर्शन व्यवस्था बहुत अच्छी है। साथ ही कहा कि बाबा ऐसे ही बुलाते रहें। इसी की मै आगे भी कामना करता हूं। हरभजन ने कहा कि वह बहुत प्रसन्न हैं कि उन्हें महाकाल के दर्शन करने का सौभाग्य मिला। उन्होंने सभी लोगों का आभार भी जताया है। उन्होंने कहा कि वह अपने को भाग्यशाली समझते हैं क्योंकि बाबा ने उन्हें दर्शनों के लिए बुलाया। तभी वह यहां दर्शन कर सके हैं। वहीं इस दिग्गज स्पिनर ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि वह घटना बहुत ही दुखद है। अब समय आ गया है कि जब हम सभी लोगोंको एकजुट होकर आतंकवाद के खिलाफ कठोरतम कदम उठाने चाहिए। इस प्रकार की घटनाओं को सहन नहीं किया जा सकता कि कोई हमारे देश में घुसकर ही लोगों को मारकर भाग जाये और हम ऐसे ही बैठे रहें। मंदिर परिसर में हरभजन को देखकर फैन्स की भीड़ लग गई और लोग उनके साथ सेल्फी लेने लगे।

## महेंद्र सिंह धोनी ले सकते हैं संन्यास, मैच से पहले कह डाली ये बड़ी बात

नई दिल्ली(ए.)। चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने ऐसा बयान दिया कि संन्यास की अटकलें लगने लगीं। धोनी जब भी टॉस के लिए आते हैं खूब शोर मचता है। पंजाब के खिलाफ मैच के दौरान जब उनकी बोलने की बारी आई तो खूब शोर हुआ। इसके बाद कमेंटेटर डैनी मॉरिसन ने उनसे आईपीएल 2026 में खेलने को लेकर सवाल किया। इस पर धोनी ने हंसते हुए कहा कि उन्हें नहीं पता कि वे अगला




मैच खेलेंगे या नहीं?बता दें कि यह पहली बार नहीं था जब डैनी मॉरिसन ने महेंद्र सिंह धोनी से संन्यास को लेकर सवाल किया। 2020 सीजन में शुरू हुई परंपरा को जारी रखते हुए मॉरिसन ने चेन्नई-पंजाब के बीच मैच में टॉस के दौरान धोनी से पूछा कि क्या वह 2026 सीजन में खेलेंगे? कभी मॉरिसन को ÒDefinitely Not' जवाब देने वाले धोनी ने न्यूजीलैंड के ब्रॉडकास्टर को आश्चर्यजनक जवाब देकर चौंका दिया। चेपक स्टेडियम में धोनी के लिए शोर के बीच मॉरिसन ने पूछा, क्या आप अगले साल भी दिखेंगे? इस मुस्कुराते हुए धोनी ने जवाब दिया, मुझे नहीं पता, मुझे नहीं पता कि मैं अगला मैच खेलूंगा या नहीं। आईपीएल 2025 में चेन्नई की हालत खराब है। वह नौ मैचों में से सिर्फ दो जीत के साथ अंक तालिका में सबसे नीचे है।

ऋतुराज गायकवाड़ के चोटिल होने के बाद सीजन के बीच में धोनी को कप्तानी संभालनी पड़ी। हालांकि, इससे चेन्नई के प्रदर्शन में कुछ बदलाव नहीं आया। चेन्नई को पंजाब के खिलाफ मैच जीतना जरूरी है। मैच हराने पर वह प्लेऑफ की रेस से बाहर हो जाएगी।

# मुम्बई और राजस्थान का मुकाबला आज

जयपुर (ए)। राजस्थान रॉयल्स की टीम गुरुवार को यहां अपने घरेलू मैदान पर मुंबई इंडियंस के खिलाफ जीत के इरादे से उतरेगी। पिछल मैच में वैभव सूर्यवंशी की रिकार्ड पारी से गुजरात टाइटंस के खिलाफ जीत दर्ज करने से टीम के हौंसले बुलंद हैं। वैभव ने गुजरात के खिलाफ शानदार शतक लगाकर अपनी टीम को जीत दिलायी थी। राजस्थान की टीम अब इस मैच में भी वैभव से ऐसी ही पारी की उम्मीद कर रही है।

कप्तान संजू सैमसन के फिट नहीं होने के कारण वैभव ने इस सत्र में पदार्पण करते हुए अब तक कमाल की बल्लेबाजी की है। इस मैच में भी सैमसन का खेलना तय नहीं है। ऐसे में वैभव और यशस्वी जायसवाल के ही पारी शुरु करने की संभावना है। गुजरात टाइटन्स के खिलाफ इन दोनों ने पहले विकेट के लिए 166 रन की साझेदारी कर अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। इस मैच में देखना होगा कि वैभव मुम्बई के खिलाफ मैच में जसप्रीत बुमराह का मुकाबला किस तरह से करते हैं। इस मैच में राजस्थान की ओर से खेल रहे वेस्टइंडीज के शिमरोन हेटमायर को भी रन बनाने होंगे। हेटमायर अभी तक अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाये हैं। राजस्थान की गेंदबाजी






इंग्लैंड के जोफ्रा आर्चर पर आधारित रहेगी। वहीं संदीप शर्मा अब तक प्रभावित नहीं कर पाये हैं।वहीं दूसरी और मुम्बई इंडियंस ने इस सत्र में खराब शुरुआत के बाद शानदार वापसी की है। उसने पिछले मैच में लखनऊ सुपरजाइंट्स को हराया था। बुमराह के टीम से जुड़ने के बाद से ही टीम को लाभ हुआ है। उसके बल्लेबाज रोहित शर्मा भी फार्म में आ गये हैं। ऐसे में रॉयल्स के गेंदबाजों की राह आसान नहीं है। उसने अब तक पांच मैच जीत लिए हैं और उसके विजय अभियान को रोकना किसी भी टीम के लिए आसान नहीं होगा। मुम्बई के पास सूर्यकुमार जैसा टी20 का नंबर एक बल्लेबाज है। जिनपर अंकुश लगाना रॉयल्स के गेंदबाजों के लिए बेहद कठिन है। कुल मिलाकर देखा जाये तो ये मुकाबला रोमांचक होना तय है। अंक तालिका की बात करें तो मुम्बई दूसरे नंबर पर है। वहीं राजस्थान की टीम काफी नीचे आठवें नंबर पर है।

दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं : राजस्थान रॉयल्स : संजू सैमसन (कप्तान) , यशस्वी जायसवाल, शिमरोन हेटमायर, शुभम दुबे, वैभव सूर्यवंशी, ध्रुव जुरेल, कुणाल सिंह राठौड़, रियान पराग, युद्धवीर सिंह चरक, नितीश राणा, संदीप शर्मा, तुषार देशपांडे, आकाश मधवाल, कुमार कार्तिकेय, क्वेना मफाका, वानिंदु हसरंगा, महेश थीक्षाना, फजलहक फारूकी, अशोक शर्मा, जोफ्रा आर्चर। मुंबई इंडियंस : हार्दिक पंड्या (कप्तान) सूर्यकुमार यादव, रोहित शर्मा, तिलक वर्मा, बेवॉन जैकब्स, रयान रिकेल्टन, रॉबिन मिंज, कृष्णन श्रीजीत, , नमन धीर, राज बावा, विग्नेश पुथुर, विल जैक्स, मिशेल सेंटनर, जसप्रीत बुमराह, अर्जुन तेंदुलकर, अश्विनी कुमार, रीस टॉपले, लिज़ाद विलियम्स, कर्ण शर्मा, ट्रेंट बोल्ट, दीपक चाहर, सत्यनारायण राजू, मुजीब उर रहमान।

# विदेश समाचार

## पाकिस्तान : रावलपिंडी में इलाज के लिए भटक रहे मरीज, सरकारी डॉक्टर्स की हड़ताल जारी

रावलपिंडी, (आरएनएस)। रावलपिंडी में तीन प्रमुख सरकारी अस्पतालों में चल रही डॉक्टर्स की हड़ताल से हजारों मरीजों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। पंजाब सरकार की सार्वजनिक अस्पतालों को आउटसोर्स करने की योजना के विरोध में यंग डॉक्टर्स एसोसिएशन (वाईडीए) पिछले सप्ताह से हड़ताल पर है। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के



अनुसार, प्रदर्शनकारी डॉक्टर्स ने वाईडीए पंजाब के आह्वान पर तीन अस्पतालों में बाह्य रोगी विभाग (ओपीडी) सेवाओं का बहिष्कार किया। इनमें होली फैमिली अस्पताल (एचएफएच), बेनजीर भुट्टो अस्पताल (बीबीएच) और रावलपिंडी टीचिंग अस्पताल (आरटीएच) राजा बाजार शामिल हैं।

ओपीडी सेवाएं ठप हो जाने के चलते तीनों अस्पतालों में मरीजों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।

पाकिस्तानी अखबार 'डॉन' ने सूत्रों के हवाले से बताया कि संभागीय प्रशासन के अधिकारियों ने अस्पतालों का दौरा किया। हालांकि कथित तौर पर ओपीडी में सेवाएं फिर से शुरू करने के लिए यंग डॉक्टर्स एसोसिएशन (वाईडीए) को मनाने के लिए कुछ नहीं किया।

रावलपिंडी टीचिंग अस्पताल के मरीजों ने हड़ताल की आलोचना करते हुए कहा कि सरकार अपने दावों के बावजूद बेहतर स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने में नाकाम रही। उन्होंने कहा कि डॉक्टर अक्सर हर महीने हड़ताल पर जाते हैं।

### पाकिस्तान के रक्षा मंत्री के खिलाफ भारत का एक्शन, 'एक्स' पर लगाया बैन, दे रहे थे परमाणु बम की धमकी

इस्लामाबाद (आरएनएस)। पहलगाम हमले के बाद भारत सरकार ने पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा मुहम्मद आसिफ पर कड़ा एक्शन लिया है। उनके सोशल मीडिया अकाउंट को भारत में बंद कर दिया गया है। पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान के खिलाफ यह भारत की बड़ी कार्रवाई है।

पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने इससे पहले कहा था कि पाकिस्तान हाई अलर्ट पर है और उसकी सेना पूरी तरह तैयार है, साथ ही उन्होंने चेतावनी दी कि अगर पाकिस्तान के अस्तित्व को सीधा खतरा हुआ तो वह परमाणु हथियारों का इस्तेमाल कर सकता है। उनके इस बयान के बाद भारत सरकार ने यह कदम उठाया है। पहलगाम हमले के बाद भारत लगातार पाकिस्तान के खिलाफ सख्त कदम उठा रहा है। भारत सरकार ने इससे पहले पाकिस्तान के कई यूट्यूब चैनलों पर रोक लगा दी था। गृह मंत्रालय की सिफारिश पर कई यूट्यूब चैनलों को बैन किया गया है। ये चैनल पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत, उसकी सेना और सुरक्षा एजेंसियों के खिलाफ भड़काऊ और लोगों को भड़काने वाली झूठी व भ्रामक बातें फैला रहे थे। सरकार का कहना है कि ये चैनल देश की शांति और एकता को नुकसान पहुंचा सकते थे।

## साल 2043 में यूरोपीय देशों में मुसलमानों का राज होगा, बाबा वेंगा की भविष्यवाणी

लंदन (ए)। बुल्गेरियाई रहस्यवादी बाबा वेंगा की 2025 में यूरोप में इस्लामिक शासन की भविष्यवाणी फिर चर्चा में है। बाबा वेंगा ने भविष्यवाणी की है, इसके मुताबिक साल 2043 में यूरोपीय देशों में मुसलमानों का राज होगा। यूरोप में 44 देश शामिल हैं, जिसमें से 5 देश पहले से ही इस्लामिक हैं। इसमें अल्बानिया, बोस्निया और हर्जेगोविना, कोसोवो और उत्तरी मैसेडोनिया शामिल हैं।बाबा वेंगा की भविष्यवाणी ने यूरोपीय देशों की चिंता बढ़ा दी है। बता दें कि बीते कई सालों में मुसलमानों की जनसंख्या यूरोपीय देशों में काफी तेजी से बढ़ी है। यूरोप में मुसलमानों के दबदबे की शुरुआत 2025 में होगी। इस तरह से ये धीरे-धीरे 2043 तक यूरोपीय सत्ता पर इस्लामी प्रभाव हावी होगा। साल 2011 में सीरिया में शुरू हुए गृहयुद्ध के बाद लाखों सीरियाई और पड़ोसी मुल्कों से लोग भागकर यूरोप की



शरण में आए थे।

बाबा वेंगा को बाल्कन का नास्त्रेदमस भी कहा जाता है। वे न तो पढ़ सकती थीं, न लिख सकती थीं। बाबा वेंगा की एक प्रमुख भविष्यवाणी यह भी है कि साल 2025 से विश्व में एक भयानक महायुद्ध की शुरुआत होगी, जो खासकर मध्य-पूर्व में होगा।

## भारत के आक्रामक तेवर से परेशान पाकिस्तान, गिलगित और स्कार्दू के लिए सभी उड़ानें की रद्द

इस्लामाबाद (ए)। पाकिस्तान ने पहलगाम हमले के बाद भारत के साथ बढ़ते तनाव के बीच बुधवार को गिलगित और स्कार्दू के लिए सभी घरेलू उड़ानें रद्द करने की घोषणा की।एक अधिकारी ने कहा, राष्ट्रीय हवाई क्षेत्र सुरक्षा प्रोटोकॉल की समीक्षा के बाद उत्तरी क्षेत्रों के लिए उड़ानें निलंबित करने का निर्णय लिया गया। एहतियात के तौर पर पाकिस्तान के उत्तरी क्षेत्रों के लिए अन्य सभी उड़ानें भी अस्थायी रूप से रोक दी गई।विदेशी उड़ानों की भी कड़ी निगरानी शुरू की गई। जानकारी के अनुसार, पाकिस्तान नागरिक उड्डयन प्राधिकरण (सीएए) को सभी आने वाले विदेशी विमानों की जांच करने का निर्देश दिया गया। पाकिस्तान पहले ही भारतीय एयरलाइनों के लिए अपना हवाई क्षेत्र बंद कर चुका है। इस संबंध में, एक नोटिस फॉर एयरमेन (एनओटीएएमएन) जारी किया गया, जिसमें भारतीय एयरलाइनों को पाकिस्तान के आसमान से शुरू में एक महीने के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया। सहित भारतीय एयरलाइनों को पाकिस्तानी हवाई क्षेत्र का उपयोग करने से प्रतिबंधित किया गया।

## इस्कॉन के पुजारी चिन्मय कृष्ण दास को राहत, छह माह बाद मिली जमानत

ढाका (आरएनएस)। छह महीने से बांग्लादेश की जेल में बंद इस्कॉन के पुजारी चिन्मय कृष्ण दास को जमानत मिल गई है। चिन्मय दास को पिछले साल नवंबर में देशद्रोह के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। चिन्मय दास के वकील ने आखिरकार ढाका में बांग्लादेश हाईकोर्ट में आज की सुनवाई में उन्हें जमानत दिलवाई है। हाल ही में चटगांव मेट्रोपोलिटन सेशन जज मोहम्मद सैफुल इस्लाम ने यह कहते हुए चिन्मय कृष्ण दास की याचिका खारिज कर दी थी क्योंकि उनके पास किसी वकील का लेटर ऑफ अटॉर्नी नहीं था। इसके बाद बांग्लादेश सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ वकील और मानवाधिकार कार्यकर्ता रवींद्र घोष ने चटगांव जाकर चिन्मय कृष्ण दास के लिए अदालत में याचिका पेश की थी।

चिन्मय कृष्ण दास चटगांव के सातकानिया उपजिला के रहने वाले हैं, जोकि अपने धार्मिक उपदेशों के लिए खूब प्रसिद्ध हैं और अपनी कम उम्र में ही धार्मिक प्रवचन देने और लोकप्रियता हासिल करने के कारण उन्हें शिशु वक्ता का उपनाम भी दिया गया था। बता दें कि चिन्मय कृष्ण दास 2016 से 2022 तक इस्कॉन के चटगांव के सचिव के रूप में सेवा दी थी। इसके अलावा वे 2007 से चटगांव के हाथाजारी के पुंडरिक धाम के प्रधान भी रहे हैं।

## दर्दनाक हादसा : रेस्टोरेंट में भीषण आग लगने से 22 लोग जिंदा जले, तीन की हालत गंभीर

बीजिंग (आरएनएस)। पूर्वोत्तर चीन के लियाओनिंग प्रांत में एक रेस्टोरेंट में भीषण आग लगने से कम से कम 22 लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। चीन के सरकारी प्रसारक सीसीटीवी की रिपोर्ट में यह दुखद जानकारी दी गई है।

यह घटना लियाओनिंग प्रांत के लियाओयांग शहर के एक रिहायशी इलाके में स्थित एक रेस्टोरेंट में स्थानीय समयानुसार दोपहर 12ऱ25 बजे (0425 त्रल्ज्ञ) हुई। आग की लपटें तेजी से फैलीं, जिससे बड़ा नुकसान हुआ।चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने इस अग्निकांड को 'एक गंभीर सबक' बताया है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से आग लगने के कारणों का तुरंत पता लगाने, घायलों का सर्वोत्तम इलाज सुनिश्चित करने और इस घटना के लिए जिम्मेदार लोगों को कानून के तहत सजा दिलाने का आग्रह किया है।

यह घटना ऐसे समय में हुई है जब चीन में सुरक्षा उपायों को लेकर चिंताएं बनी हुई हैं। पिछले साल भी देश के रिहायशी इलाकों में गैस रिसाव के कारण कम से कम दो बड़े विस्फोट हुए थे। इनमें मार्च में चीन के उत्तरी प्रांत हेबेई के एक रेस्टोरेंट में हुए विस्फोट में 2 लोगों की मौत हो गई थी और 26 अन्य घायल हुए थे, जबकि सितंबर में दक्षिणी शेनझेन में एक ऊंची इमारत में हुए विस्फोट में एक व्यक्ति की जान चली गई थी।

## पीएम मोदी 9 मई के विजय दिवस समारोह में नहीं होंगे शामिल : रूस

मॉस्को , (आरएनएस)।। रूस ने बुधवार को पुष्टि की कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 9 मई को मॉस्को में होने वाले विजय दिवस समारोह में शामिल नहीं होंगे। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने मीडिया ब्रीफिंग के दौरान कहा, भारत के नेता नहीं आएंगे... भारत का प्रतिनिधित्व होगा, लेकिन उच्चतम स्तर पर नहीं। पेसकोव ने यह जानकारी भी दी कि चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग मॉस्को की यात्रा करेंगे।

क्रेमलिन के प्रवक्ता ने मॉस्को में मीडिया से बात करते हुए कहा, शी जिनपिंग का एक अलग दौरा होगा, जिसे हम बहुत महत्व देते हैं और इसकी तैयारी कर रहे हैं।


# हम हालात पर नजर रख रहे... पूरी दुनिया हमें देख रही', पाक मंत्री के 'डर्टी वर्क वाले बयान पर बोला अमेरिका

न्यूयॉर्क (आरएनएस)। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ के उस बयान पर नया विवाद खड़ा हो गया है, जिसमें उन्होंने अमेरिका के लिए 30 वर्षों तक 'डर्टी वर्क' (गंदा काम) करने की बात स्वीकार की थी। इस पर जब अमेरिकी विदेश विभाग की प्रवक्ता टैमी ब्रूस से प्रेस ब्रीफिंग में सवाल पूछा गया, तो उन्होंने प्रतिक्रिया देने से इनकार कर दिया, लेकिन यह जरूर कहा कि अमेरिका भारत और पाकिस्तान दोनों से संपर्क में है।

प्रवक्ता ब्रूस ने कहा, हम हालात पर नजर रख रहे हैं और सभी पक्षों से शांतिपूर्ण समाधान के लिए बातचीत का आग्रह कर रहे हैं। पूरी दुनिया हमें देख रही है, लेकिन फिलहाल मेरे पास इस विषय पर कोई अतिरिक्त जानकारी नहीं है।

### क्या कहा था ख्वाजा आसिफ ने ?

ब्रिटिश मीडिया स्काई न्यूज से बातचीत में ख्वाजा आसिफ ने माना कि





पाकिस्तान ने 30 साल तक अमेरिका के लिए आतंकवाद को सपोर्ट किया और टेरर फंडिंग की। उन्होंने कहा, हमने 30 साल तक यह गंदा काम अमेरिका के लिए किया है। पाकिस्तान की धरती पर लश्कर-ए-तैयबा जैसे संगठनों की मौजूदगी का अतीत में सरकार से जुड़ाव रहा है, हालांकि अब ये खत्म हो चुके हैं।आसिफ ने यह भी दावा किया कि अगर हमारे देश के अस्तित्व पर खतरा हुआ, तो हम परमाणु हथियारों का इस्तेमाल करेंगे। हम मानसिक रूप से युद्ध के लिए तैयार हैं और अगलङ्कबगल के हालात बता रहे हैं कि अगले कुछ दिनों में युद्ध की आशंका है, हालांकि इसे टाला भी जा सकता है।

अमेरिकी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता ने खुलकर बयान तो नहीं दिया, लेकिन यह जरूर बताया कि विदेश मंत्री मार्को रुबियो भारत और पाकिस्तान के शीर्ष नेताओं से जल्द बातचीत करेंगे। अमेरिका का फोकस क्षेत्रीय शांति और युद्ध को टालने की कोशिशों पर है।

# मुख्यमंत्री ने जनकल्याण संबल योजना तथा किसान कल्याण योजना के हितग्राहियों के खाते में अंतरित की राशि

-सीहोर जिले के संबंल योजना के 470 हितग्राहियों के खाते में 10,64,00000 रूपये की राशि अंतरित
-जिले के 1,69,270 किसानों के खाते में किसान कल्याण योजना की किश्त अंतरित

सीहोर (निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने धार जिले के उमरबन में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में सिंगल क्लिक के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना के हितग्राहियों के खाते में अनुग्रह राशि अंतरित की। इसके साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के तहत प्रदेश के किसानों के खाते में वर्ष की प्रथम किश्त अंतरित की। प्रदेश के साथ ही मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना के सीहोर जिले के 470 हितग्राहियों के खाते में 10 करोड़ 64 लाख रूपये की राशि अंतरित की। इसके साथ ही किसान कल्याण योजना के तहत सीहोर जिले के एक लाख 69 हजार 270 किसानों के खाते में वर्ष की प्रथम किश्त अंतरित की। मुख्यमंत्री के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में कलेक्टर कार्यालय के एनआईसी कक्ष से जिला श्रम पदाधिकारी श्रीमती




प्रियंका वंशीवाल, हितग्राही तथा अन्य अधिकारी वीसी के माध्यम से शामिल हुए। इसके साथ ही जिले के विभिन्न जनपदों से जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं हितग्राही भी वीसी के माध्यम से शामिल हुए। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना, प्रदेश में असंगठित क्षेत्र में कार्यरत लाखों श्रमिकों के लिए एक अत्यंत महत्वपूर्ण योजना है।

इसमें अनुग्रह सहायता योजना के अंतर्गत दुर्घटना में मृत्यु होने पर 4 लाख रूपये एवं सामान्य मृत्यु होने पर 2 लाख रूपये प्रदान किये जाते हैं। इसी प्रकार स्थायी अपंगता पर 2 लाख रूपये एवं आंशिक स्थायी अपंगता पर 01 लाख रूपये तथा अंत्येष्टि सहायता के रूप में 5 हजार रूपये प्रदान किये जाते हैं। संबल योजना में जहाँ एक ओर महिला श्रमिक को प्रसूति सहायता के रूप में 16 हजार रूपये दिये जाते हैं तो वहीं दूसरी ओर श्रमिकों के बच्चों को महाविद्यालय शिक्षा प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत उच्च शिक्षा में शिक्षा हेतु सम्पूर्ण शिक्षण शुल्क राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाता है।

## शाहगंज पुलिस द्वारा 17 साल की नाबालिग को 24 घंटे में सकुशल दस्तयाब कर परिजन को किया सुपुर्द



बुधनी (संजय कलमोर )। शाहगंज फरियादिया ने थाना आकर रिपोर्ट लिखाई की उसकी पुत्री उम्र 17 साल 1 माह को कोई अज्ञात व्यक्ति बहलाफुसला कर ले गया है जिसकी हर जगह तलाश किया कोई जानकारी नही मिली फरियादी की रिपोर्ट पर अपराध क्र. 125/2025 धारा 137(2) बी.एन.एस. पजीबद्ध किया गया एव विवेचना की गई।पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला द्वारा घटना की गम्भीरता को देखते हुये नाबालिग बालिका को त्वरित दस्तयाब कर कार्यवाही करने के निर्देश दिये गए। निर्देशो के पालन मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमति सुनीता रावत व एस.डी.ओ.पी. रवि शर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी शाहगंज द्वारा अपहर्ता व संदेही की तलाश हेतु टीम गठित की गई गयी टीम द्वारा अपहर्ता को सकुशल दस्तयाब कर परिजनो को सुपुर्द किया गया

## कुमारी याशिका ने कविता के माध्यम से दिया जल संरक्षण का संदेश

### हमारा कर्तव्य है कि हम सभी जल संरक्षण कर आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित कल दें - कुमारी याशिका सरकार

सीहोर (निप्र)। जल गंगा संवर्धन अभियान में अधिक से अधिक जनभागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन की अध्यक्षता में



जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित बैठक में कक्षा छठवीं की सीहोर निवासी बालिका कुमारी याशिका सरकार ने जल संरक्षण संबंधी प्रेरणादायी कविता प्रस्तुत कर सभी को जल संरक्षण के लिए प्रेरित किया। कुमारी याशिका ने जल संरक्षण का संदेश देते हुए कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान प्रदेश सरकार की बहुत ही सराहनीय पहल है, जो हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए जल की उपलब्धता सुनिश्चित करेगी। हम सभी को इस अभियान का हिस्सा बनना चाहिए क्योंकि इस अभियान की सफलता हम सभी के प्रयासों और भागीदारी पर निर्भर है। हम सभी का यह कर्तव्य है कि हम जल को सरंक्षित करें और अपनी आने वाली पीढ़ियों को एक सुरक्षित कल प्रदान करें।

## *मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना के क्रियान्वयन में किए गए संशोधन*

*सीहोर (निप्र)। शासन द्वारा मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना के क्रियान्वयन के संबंध में कुछ संशोधन किए गए है। शासन द्वारा जारी संशोधित आदेश के अनुसार इस योजना के तहत कन्या तथा कन्या के अभिभावक गरीबी रेखा के नीचे जीवन निर्वाह करते हो। इसके लिए उनका बीपीएल पोर्टल पर सत्यापन अनिवार्य होगा। जारी आदेशानुसार कन्या विवाह तथा निकाह सम्मेलन संभागवार वार्षिक चक्रीय रूप से 03 तिथियां बसंत पंचमी, अक्षय तृतीया एवं तुलसी विवाह (देवउठनी ग्यारस) तथा एक अन्य तिथि का कैलेंडर जारी कर सामूहिक विवाह/निकाह कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। अनुसूचित जनजाति की परम्पराओं के दृष्टिगत अधिसूचित अनुसूचित क्षेत्र में सामूहिक विवाह/निकाह कार्यक्रम आयोजन के लिए 04 तिथियों का कैलेंडर पृथक से विभाग द्वारा जारी किया जायेगा। मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजनातंर्गत संभागवार जिलों में आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन में सम्मिलित विवाह जोड़ों की न्यूनतम संख्या 11 एवं अधिकतम 200 जोड़ों की संख्या निर्धारित की जायेगी।*

## जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जनप्रतिनिधियों एवं एनजीओ प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित

### जल संरक्षण में जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक संगठनों की भूमिका महत्वपूर्ण - जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन

सीहोर (निप्र)। जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों एवं एनजीओ के प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन ने



जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले को प्रदान किए गए लक्ष्यों एवं अभियान में पूर्ण जनभागीदारी सुनिश्चित करने के संबंध में जनप्रतिनिधियों एवं एनजीओ के प्रतिनिधियों से विस्तार से चर्चा की। बैठक में जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन ने कहा कि जल संरक्षण केवल एक आवश्यकता नहीं, बल्कि हम सभी की भविष्य की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। यदि आज हम जल स्त्रोतों के पुनर्जीवन और संरक्षण के लिए मिलकर प्रयास करें, तो आने वाली पीढ़ियों को जल संकट से बचाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक जल स्त्रोतों का संरक्षण करना ही सच्ची समृद्धि का मार्ग है और इसके लिए जनप्रतिनिधियों व सामाजिक संगठनों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

## विवाह संस्कार के पश्चात माधव आश्रम से विदाई में भावुक हुए गुरुदेव पंडित मोहितरामजी



सीहोर (निप्र)। श्रीमाधव महाकाल आरोग्य आश्रम निर्माण दिन श्री केदारेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में विगत 4 दिन से चल रहे 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के पश्चात आज 8 गरीब परिवार की निर्धन कन्याओं का विवाह संस्कार किया गया जिसमें सभी कन्या परिवार वर वधु परिवार प्रसन्न होकर विवाह के पश्चात आश्रम से विदाई करा अपने-अपने गंतव्य को पहुंचे श्री माधव महाकाल के संचालक पंडित मोहितरामजी पाठक ने बताया कि सनातन धर्म में 16 संस्कारों का बड़ा महत्व है और उसी में विवाह संस्कार अति महत्वपूर्ण है हम हर वर्ष संकल्पित होकर कन्याओं का विवाह करते हैं ईश्वर 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ में निरंतर गुरु दीक्षा यागो पवित्र अनेक को संस्कार किए गए आज पूर्णाहुति के अवसर पर कन्याओं का विवाह किया गया और हमेशा ही जो भी निर्धन परिवार है वह अपनी कन्या एवं पुत्रों का विवाह श्री माधव महाकाल आरोग्य आश्रम परिवार से कर सकते हैं वर वधू की विदाई के समय गुरु माता ने सभी कन्याओं को तिलक लगाकर यथा योग वास्तु में प्रदान कर दीदी प्रेमलता जी राठौड़ आश्रम के कोषाध्यक्ष जितेंद्र जी तिवारी बृजेश जी पाराशर शैलेंद्र जी चंदेल पवन की राय नितिन जी उपाध्यक्ष जितेंद्र जी नारोलिया जमुना प्रसाद जी परमार गोविंद लोबानिया लक्ष्मण जी चौकसे अमृतलाल जी वर्मा बड़ी संख्या में गायत्री परिवार एवं आश्रम परिवार उपस्थित रहा।

## नव दंपतियों को विधायक ने दिया आशीर्वाद यादव समाज का सामूहिक विवाह संपन्न

सीहोर (निप्र)। अक्षय तृतीय के शुभ मुहूत में यादव समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में विवाह सम्मेलन में पहुंचकर विधायक सुदेश राय ने वर वधु को अपना आशीर्वाद दिया। सामाजिक



परंपराओं का पालन करते हुए वर बधू के द्वारा सात फेरे लिए गए।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक सुदेश राय ने कहा कि प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री वर्तमान केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश में विवाह और निकाह योजना शुरू की थी जिसके बाद उन्होंने लाखों कन्याओ का विवाह सम्मेलन आयोजित कर विवाह संपन्न कराया और उपहार भी प्रदान किए। इस परंपरा को मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव भी निभा रहे हैं। यादव यदुवंशी समाज के द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन सामाजिक उन्नति का प्रतीक है। विधायक श्री राय ने वर बधू को आशीर्वाद दे सफल आयोजन के लिए यादव समाज को बधाई दी। यादव समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजन समिति के के द्वारा विधायक सुरेश राय का पुष्मालाएं पहना कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष सीताराम यादव सहित सामाजिक बंधु सम्मिलित रहे।

## शिव-शक्ति दिव्य अनुष्ठान-भगवान शिव का किया अभिषेक

सीहोर (निप्र)। हर के सीवन तट पर हनुमान मंदिर गोपालधाम में शिव प्रदोष सेवा समिति के तत्वाधान में एक माह तक आयोजित होने वाले शिव शक्ति दिव्य अनुष्ठान वैशाख महापर्व का आयोजन किया जा रहा है। बुधवार



को भगवान गणेश की पूजा के साथ ही भगवान शिव का विशेष अभिषेक किया। इस दौरान यज्ञाचार्य पंडित पवन व्यास, पंडित कुणाल व्यास और मनोज दीक्षित मामा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे। सुबह समाजसेवी भारत पंकज गुप्ता सहित अन्य ने यहां पर जारी शिव-शक्ति दिव्य अनुष्ठान के दौरान सप्तशती पाठ के साथ यज्ञ में आहुतियां दी। पंडित श्री व्यास ने बताया कि भगवान शिव का पंचामृत से अभिषेक करने का मतलब है उन्हें दूध, दही, घी, शहद और शक्कर का मिश्रण अर्पित करना। यह एक पूजा विधि है जो शिव की कृपा प्राप्त करने और मनोकामनाएं पूरी होने के लिए की जाती है। काम, क्रोध, लोभ, मोह और अहंकार, इन पांच मन के विकारों द्वारा मनुष्य दुःख पाता है। पूजा तभी सफल मानी जाती है जब मन के विकारों से व्यक्ति मुक्त हो जाए और निर्मल मन से ईश्वर की आराधना करे। मन को निर्मल करने के लिए प्रत्येक पूजा में पंचामृत का प्रयोग बताया गया है।

## विधायक ने किया आश्रम पहुंचकर ब्रहमलीन संत त्यागी बाबा को नमन

सीहोर। स्टेशन रोड स्थित आश्रम पहुंचकर विधायक सुदेश राय ने ब्रहमलीन संतश्री त्यागी बाबा को नमन किया। आश्रम में बुधवार को संतश्री त्यागी बाबा के 132 वे जन्मदिन के उपलक्ष में भंडारा आयोजित किया गया। विधायक सुदेश राय ने त्यागी बाबा के परमशिष्य उद्धावदास महाराज से भेंटवार्ता की। त्यागी बाबा की प्रतिमा के समक्ष विधायक सुदेश राय ने श्रद्धासुमन अर्पित किए। भंडारा प्रसादी ग्रहण करने शहर सहित बाहर के श्रद्धालु भी बड़ी संख्या में त्यागी बाबा आश्रम पहुंचे।

## वेयर हाउस चोरी में फरार 2000 रूपये का ईनामी आरोपी को रेहटी पुलिस ने किया गिरफ्तार

रेहटी (संजय कलमोर)। पुलिस अधीक्षक सीहोर दीपक कुमार शुक्ला एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीहोर श्रीमति सुनीता रावत, अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) बुदनी रवि शर्मा के मार्गदर्शन में ग्राम रमपुरा चकल्दी वेयर हाउस में हुई चोरी में फरार एक ईनामी आरोपी को




थाना रेहटी की टीम व्दारा गिरफ्तार किया गया है । फरियादी महेन्द्र सिंह पिता भगवान सिंह पटेल उम्र 39 साल निवासी ग्राम गोडीगुराडिया ने रिपोर्ट किया कि चकल्दी सतराना रोड पर मेरी पत्नि अर्चना पटेल के नाम से शिवाय वेयर हाउस हैं जिस वेयर हाउस में सरकारी गेहु रखा था रात्रि में कोई अज्ञात चोर ने वेयर हाउस का ताला तोडकर 104 बोरी गेहु चोरी करके ले गये है उसकी रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 50/2025 धारा 331(4), 305ए बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया था ।

निरीक्षक राजेश कहारे के नेतृत्व में अलग - अलग टीम गठित की गई। प्रकरण में मुखबिर की सूचना एवं सीसीटीवी फुटेज के आधार पर 08 आरोपीयों में से 07 को पूर्व में गिरफ्तार किया गया था शेष एक आरोपी राजेश कीर पिता अमरसिंह कीर निवासी सतार से फरार था पुलिस अधीक्षक द्वारा आरोपी की गिरफ्तारी की सूचना देने हेतु 2000 रूपये की ईनाम उद्घोषणा की गयी थी रेहटी पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना से आऱोपी को सलकनपुर से गिरफ्तार किया गया

नाम आरोपी- राजेश कीर पिता अमरसिंह कीर उम्र 23 साल निवासी सतार थाना रेहटी जिला सीहोर सराहनीय भूमिका- उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी रेहटी निरीक्षक राजेश कहारे, टीम प्रभारी उनि महेश सिंह धुर्वे, आऱ.लवकेश जाट, आर. प्रवीण, आर रामूलाल उइके,आर आमीन शाह, आर विकाश, आर ,नगर रक्षा समिति नितेश रघुवंशी की सराहनीय भूमिका रही ।

## हजारों गौवंश की विश्वहिन्दू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ता बुझा रहे प्यास

### शहर में रखी 250 से अधिक टंकियां में टैंकर से रोज डाला जा रहा है पानी




सीहोर (निप्र)। रोज हजारों गौवंश की प्यास बुझाने का संकल्प विश्वहिन्दू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने लिया है। कार्यकर्ताओं ने शहर के प्रमुख स्थानों पर 250 से अधिक पानी की गहरी टंकियां रखी है। टेंकर के माध्यम से बुधवार से कार्यकर्ताओं ने शहर के लुनिया चौराहा से जल पात्र भरने के कार्य का शुभारंभ किया है। कार्यकर्ताओं के द्वारा प्रतिदिन टेंकर के माध्यम से टांकियों में शुद्ध साफ पानी डाला जाएगा। गौभक्त कार्यकर्ताओं के द्वारा जल पात्रों को रोज साफ भी किया जा रहा है। विश्वहिन्दू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ता लगातार निस्वार्थ भाव सेवा कार्य किया जा रहा है।विश्वहिन्दू परिषद बजरंग दल के नगर उपाध्यक्ष आशीष कुशवाहा ने बताया कि विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल अपने स्तर पर प्रतिवर्ष गौ सेवा अभियान चलाता है। गर्मी के मौसम में जहां आम जनता को भी बमुश्किल पीने का पानी मिल पा रहा है पानी के टेंकरों के दाम भी आसमान पर पहुंच गए है ऐसे में विश्वहिन्दू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ता शहर में लावारिस अवस्था में विचरण करने वाले गाय बछडों और सांडों सहित अन्य जानवरों के लिए चारा और पीने का पानी उपलब्ध करा रहे है। शहर में अनेक स्थान पर गलियों में छोटे जलपत्र रखे हुए हैं कुछ स्वयं के द्वारा भरते हैं कुछ को विश्व हिंदू परिषद भरता है कुछ पात्र पर दिन भर में कम से अनेक गोवश जल ग्रहण करते है। शहर में इस गौसेवा कार्य व्यस्वथा के लिए 25 कार्यकर्ताओं की टोली बनाई गई है। जल पात्र भरने के शुभारंभ अवसर पर जिला मंत्री राकेश कुमार विश्वकर्मा,जिला गौसेवा प्रमुख जीतेंद्र नारोलिया,जिला प्रमुख गोरक्षा संवर्धन प्रमुख कैलाश चौहान,नगर उपाध्यक्ष आशीष कुशवाहा,नगर मंत्री विश्व हिंदू परिषद हेमंत विश्वकर्मा,साप्ताहिक मिलन प्रमुख अर्जुन सेन,सह साप्ताहिक मिलन प्रमुख दीपक कौशल,मंदिर अर्चक प्रमुख सुशील उपाध्याय,नगर सह सुरक्षा प्रमुख भगवान दास कुशवाहा,राकेश कुशवाहा,सावन कौशल,लक्की कुशवाहा आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## लू के प्रकोप से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी

सीहोर (निप्र)। जिले में ग्रीष्मकाल के दौरान तापमान औसत से अधिक होने की संभावना है। इसके कारण अधिकांश भागों में लू (तापघात) की स्थिति निर्मित हो सकती है। जिले में संभावित लू के प्रकोप को गंभीरता से लेते हुए इससे होने वाली क्षति को कम करने के लिए जिला स्तर पर जन समुदाय को लू (तापघात) के प्रकोप से बचाव के लिए आवश्यक सुझाव तथा निर्देश जारी किये गये है। इस संबध में सीएमएचओ डॉ सुधीर डेहरिया ने लू से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की है तथा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं स्वास्थ्य संस्थाओं को निर्देश दिए हैं।

जारी निर्देशानुसार जिले की सभी स्वास्थ्य संस्थाओं को निर्देश दिए गए हैं कि लू के प्रबंधन के सभी उपाय करने के निर्देश दिए गए हैं। बाह्य रोगी कक्ष में बैठने की उचित व्यवस्था के साथ ही ठंडे जल की व्यवस्था सुनिश्चित किया करने के लिए कहा गया है।

## प्राचीन श्री हंसदास मठ में प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव, सात दिवसीय शिव महापुराण



सीहोर (निप्र)। शहर के मंत्री पेट्रोल पंप से गणेश मंदिर रोड उमाशंकर धाम कालोनी के पास प्राचीन श्री हंसदास मठ दशहरा बाग में पंच कुण्डात्मक महायज्ञ एवं रिद्धेश्वर स्फटिक शिव लिंग, शिव पंचायतन एवं श्री सिद्धवीर हनुमान महाराज की प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है, महोत्सव के अंतर्गत बुधवार से आरंभ हुई सात दिवसीय संगीतमय शिव महापुराण के पहले दिन भागवत भूषण पंडित चेतन उपाध्याय ने शिव महापुराण का महत्व के साथ ही भगवान शिव के स्वरूप का वर्णन करते हुए उनके स्वभाव का वर्णन किया एवं देवराज ब्राह्मण का चरित्र का वर्णन करते हुए कहा कि कथा में वर्णित है कि ब्राह्मण कुल में जन्म लेने के बाद भी जिस प्रकार से अपने धर्म से च्युत होकर आधर्म की मार्ग का अनुसरण किया और सदा आधर्म के मार्ग पर चलकर ब्राह्मणाचित जो कर्म है उनका पालन नहीं किया। लेकिन जीवन के अंतिम समय प्रथम बार प्रयागराज में भगवान शिव की श्री शिव महापुराण की कथा का रसपान किया। और पाप का प्राश्चित किया न केवल इस पुण्य के फल स्वरुप देवराज ब्राह्मण का उद्धार हो गया, अर्थात भगवान शिव की कथा जीवन के बड़े से बड़े पाप, ताप और संताप को दूर कर सकती है। जीवन मे कितनी भी बड़ी संकट हो उन्हें देवों के देव महादेव हर लेते है। महादेव हमेशा अपने भक्तों के निकट होता है। इस कलिकाल में सबसे सरल पूजा अगर किसी देव की है,तो वह देवाधिदेव महादेव की है।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा 09 वैशाली नगर ग्राम शेरपुर शंकर मंदिर के पास सीहोर म.प्र. से प्रकाशित।
ब्यूरो प्रमुख -भावना सक्सेना। स्थानीय प्रतिनिधि-मनोज दीक्षित, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो.9425025999 ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com